तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 17.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026




सिरगिट्‌टी में ट्रक के पीछे घुसी कार



## खबर संक्षेप

### वॉल पेंटिंग के ऊपर चिपका रहे विज्ञापन



**बिलासपुर।** आईजी आफिस रोड में स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनाई गई वॉल पेंटिंग पर विभिन्न कंपनियों एवं दुकानदारों के द्वारा अपना प्रचार करने के लिए तैयार की गई प्रचार सामग्री चिपका दी जा रही है। ऐसे में पेंटिंग के कारण खूबसूरत दिखने वाली दीवार अब कागज, पोस्टर, पाम्प्लेट एवं दीवार लेखन कर किए जा रहे विज्ञापन के कारण भद्दी नजर आ रही है। स्मार्ट सिटी के द्वारा लाखों रूपए खर्च कर शहर को न केवल सुंदर दिखाने, बल्कि दीवार लेखन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के संदेश देने का भी प्रयास किया गया है, लेकिन प्रचार सामग्री चिपकाकर खूबसूरत शहर को गंदा करने का काम किया जा रहा है।

### महिला थाना में बिजली के तार में चढ़ी नार



**बिलासपुर।** महिला थाना में बिजली के तार में नार चढ़ गई है। नार ने बिजली के तार पर ऐसा कब्जा कर लिया है कि तार नजर ही नहीं आ रही है। केवल नार ही दिखाई पड़ रही है। चूंकि अब गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है, जिससे करंट से नार के जरिए आगजनी की घटना हो सकती है। इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा न केवल महिला थाना, बल्कि पूरे शहर में अभियान चलाकर बिजली तारों से इस तरह की नार एवं पेड़ की लटकती शाखाओं को दूर करना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटनाओं को पहले से ही रोका जा सके।

### ट्रैफिक सिग्नल पर रास्ता जाम कर रहे आटो चालक



**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैण्ड से अग्रसेन चौक जाने वाले मार्ग में ट्रैफिक सिग्नल पर बायीं ओर जाने वालों के लिए छोड़ी गई सड़क पर गलत तरीके से खड़े आटो चालकों के कारण पूरा का पूरा यातायात बाधित हो रहा है। ऐसा करने वाले आटो चालक किसी एक चौक पर नहीं, बल्कि पूरे शहर के सिग्नल में यही गलती दोहरा रहे हैं। इनके कारण बायीं ओर जाने वाले वाहन चालकों को जबर्दस्ती सिग्नल ग्रीन होने तक का इंतजार करना पड़ता है, जिससे इनका समय तो खराब होता ही है, वहीं सिग्नल में खड़े होने वालों की संख्या में भी अनावश्यक बढ़ोतरी हो जाती है।

### सत्यम चौक में सड़क पर गायों का झुंड



**बिलासपुर।** सत्यम टाकीज चौक पर सड़क पर ही गायों का झुंड बैठा नजर आता है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि वाहनचालकों व गायों को भी चोट लगने का भय बना रहता है। चौक पर कई होटल एवं भोजनालय हैं, जहां बाहर सड़क पर रखे डस्टबिन में खाद्य सामग्री को खाने की लालच में गायों का झुंड यहां पहुंचता है, लेकिन यहां से यह झुंड आगे जाकर सड़कों पर ही बैठ जाता है। यह मार्ग लिंक रोड है, जिससे वाहनों की चौबीसों घंटे आवाजाही होती रहती है। यहां बीच सड़क पर मवेशियों के खडे रहने से दुर्घटना का भय बना रहता है।

# पांच हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टायलेट नहीं है 8 हजार की हालत खराब, बच्चियां छोड़ रहीं स्कूल

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के शिक्षा विभाग हरकत में, 8 मार्च तक बनाने का फरमान
- बच्चे और शिक्षक त्रस्त, खामियाजा यूरिन इन्फेक्शन के रूप में भुगतना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

प्रदेश के पांच हजार से अधिक स्कूलों गर्ल्स टायलेट नहीं है तो 8 हजार से अधिक स्कूल ऐसे हैं शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। इससे बच्चे और शिक्षक त्रस्त है और लगातार स्कूल शिक्षा विभाग से इसकी मांग कर रहे हैं। इसका खामियाजा बच्चों और शिक्षकों को यूरिन इन्फेक्शन के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

सबसे बड़ी बात यह है कि अब इस पूरे मामले में हाई कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है और स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और शासन को नोटिस भेज कर इसकी स्थिति स्पष्ट करने की बात कही है। बिलासपुर जिले के बात करें तो 160 से अधिक स्कूलों में टॉयलेट की बड़ी समस्या है। 200 से ज्यादा ऐसे विद्यालय है, जहां टायलेट हैं तो लेकिन उपयोग के लायक नहीं। अब हालांकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आखिरकार स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट को लेकर शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। विभाग ने 8 मार्च तक सभी जिलों में सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट की व्यवस्था करने का फरमान जारी कर दिया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यू-डाइस रिपोर्ट 2024-25 में प्रदेश के करीब 5500 स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं होने का खुलासा हुआ था। पिछले वर्ष युक्तियुक्तकरण में स्कूलों का मर्जर होने के बाद समस्या का कुछ समाधान तो हुआ लेकिन अभी भी एक हजार से अधिक स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट उपलब्ध नहीं हो पाया है। बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, बस्तर और जांजगीर-चांपा के स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट की सबसे अधिक कमी है। विभागीय निर्देशों के बाद जिन स्कूलों में टॉयलेट जर्जर या अनुपयोगी स्थिति में हैं, वहां मरम्मत शुरू कर दी गई है। वैसे स्कूल जहां लड़के और लड़कियां दोनों पढ़ते हैं और वहां एक ही टॉयलेट उपलब्ध है तो उसे गर्ल्स टॉयलेट बना दिया गया है। इसके लिए इन स्कूलों ने विभाग के लगभग 10 साल पुराने आदेश का सहारा लिया है।

### सरकारी स्कूलों में छात्राओं की संख्या 19.54 लाख

गौरतलब है कि अगर पिछले वर्ष स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के दौरान मर्जर से प्रदेश में गर्ल्स टॉयलेट स्कूलों की संख्या बढ़ गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यू-डाइस रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार छत्तीसगढ़ में 48757 सरकारी स्कूल संचालित थे। इनमें 37.64 लाख विद्यार्थी हैं। इनमें छात्राओं की संख्या 19.54 लाख है। युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूलों की संख्या घटकर 38 हजार हुई। लिहाजा बिना गर्ल्स टॉयलेट वाले 5500 स्कूलों में से अभी भी एक हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं है।



### स्कूल छोड़ने या नहीं जाने की बड़ी वजह यही

देखा जाए तो सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाएं ही शर्मसार करने वाली हैं। छात्राओं के लिए वॉशरूम या टॉयलेट तक नहीं हैं। ऐसे में उन्हें 5 से 6 घंटे स्कूल में बिताना मुश्किल हो जाता है। यह व्यवस्था एक तरह से बेटियों पर अत्याचार ही है। कई छात्राओं के स्कूल छोड़ने या नहीं जाने की बड़ी वजह भी यही हो सकती है। कई स्कूल ऐसे भी हैं, जहां गर्ल्स और बॉयज के लिए एक ही टॉयलेट है। इसके चलते भी छात्राएं रोज शर्मसार होती है। राज्य की बात करें तो यहां संचालित 56 हजार 615 स्कूलों में से 54 हजार 715 में लड़कियों के लिए टॉयलेट तो हैं, लेकिन 52 हजार 545 टॉयलेट ही उपयोग करने की दशा में है। वहीं, छात्रों के लिए भी ऐसी ही स्थिति है, इनके लिए 53 हजार 142 स्कूलों में टायलेट तो हैं, लेकिन 49 हजार 355 चल रहे हैं। यानी 4070 स्कूल में गर्ल्स के लिए और 7260 में ब्वॉज के लिए नहीं है।

### जल्द व्यवस्था की जाएगी

हालांकि बिलासपुर जिले में अधिक समस्या नहीं है फिर भी विभागीय निर्देशों के बाद जिन स्कूलों में टॉयलेट जर्जर या अनुपयोगी स्थिति में हैं, वहां मरम्मत शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी स्कूलों में छात्राओं के लिए वॉशरूम या टॉयलेट की व्यवस्था कर दी जाएगी।

\- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर सरकार को फटकारा

सरकारी स्कूलों में शौचालय नहीं होने और मौजूद शौचालय को इस्तेमाल लायक नहीं होने के मामले को हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लेते हुए फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि इतनी राशि खर्च करने के बाद भी छात्राओं को खुले में जाना पड़ रहा है। जिले की बात करें तो बेलतरा, सीपत, मस्तूरी, तखतपुर और कोटा क्षेत्र के स्कूलों में अधिक परेशानी है। यह भी बात सामने आई है कि कई बच्चे इसलिए भी पानी नहीं पीते हैं। ताकि उन्हें स्कूल में टॉयलेट जाना नहीं पड़े।

## अब कोलकाता से पहुंचा एक हजार एमएम का पाइप

# अशोक नगर चौक बना जोखिम चौक कीचड़, धूल व गड्ढों से जीना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग पर प्रस्तावित गौरव पथ योजना अभी कागजों में है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नाली निर्माण की शुरुआत ने ही लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है। पिछले एक सप्ताह से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। नाली खुदाई के बाद मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई है। अशोक नगर चौक पर हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। अब कहा जा रहा है कि कोलकाता से मैकनिकल ज्वाइंट रबर गास्गेट मंगा लिया गया है जिसे मंगलवार से मौके पर लगा दिया जाएगा। यह एक हजार एमएम का मोटा पाइप है जिसे लगाने में दो दिन लगेगा।

हरिभूमि ने रविवार को इस रास्ते और चौक का जायजा लिया तो पाया कि यहां से पैदल गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है।



- सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है लेकिन सुस्ती से
- मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई, पैदल चलना भी मुश्किल

### हजारों लोग रोज झेल रहे परेशानी

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाएगा। इसके साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। पाइप लाइन क्षति की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए कार्य की समय-सीमा सार्वजनिक की जाए। फिलहाल प्रस्तावित गौरव पथ से पहले ही निर्माण की लापरवाही ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जिम्मेदार विभाग ने समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी, तो यह परियोजना शुरू होने से पहले ही अव्यवस्था की भेंट चढ़ सकती है।

### सामान्य हो जाएगी स्थिति

कोलकाता से मैकनिकल ज्वाइंट रबर गास्गेट मंगा लिया गया है जिसे मंगलवार से मौके पर लगा दिया जाएगा। यह एक हजार एमएम का मोटा पाइप है जिसे लगाने में दो दिन लगेगा। इसके बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

\- **अनुपम तिवारी**
नोडल अधिकारी

### रविवार को फिर क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन

निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। रविवार को निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ गई। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहने लगा। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने रबर बांधकर लीकेज रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक सड़क पर कीचड़ और बढ़ चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काफी देर तक पानी व्यर्थ बहता रहा। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

## सीपत सराफा व्यापारी से उठाईगीरी का मामला

# 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत खम्हरिया के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर की उठाईगीरी करने वाले नकाबपोश बाइक सवार तीन उठाईगीरों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। 48 घण्टे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पूर्व में उठाईगीरी, लूट के मामले में पकड़े गए सीपत व बलौदा के आधा दर्जर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

20 फरवरी को सीपत खमरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी शाम 7 बजे दुकान में रखे 10 किलो चांदी के आभूषण व 100 ग्राम सोने के आभूषण, टिफिन डिब्बा थैला में रखकर दुकान से बाहर निकले। वे थैला शटर के पास रखकर दुकान बंद करने के लिए शटर गिरा रहे थे। इसी दौरान बाइक से नकाबपोश तीन युवक वहां पहुंचे, एक युवक बाइक से उतरकर दौड़ते हुए दुकान के पास गया और आभूषण से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर अपने साथी के साथ बिटकुला के जंगल की ओर भाग गया। उक्त जंगल का रास्ता बलौदाबाजार व कोरबा की ओर जाता है। दुकान के पास व आसपास क्षेत्र में सीसीटीवी की संख्या बहुत कम व उच्च क्वालिटी के नहीं होने से नकाबपोशों की पहचान नहीं पा रही है, जिससे पुलिस की परेशानी बढ़ गई है। एक पुलिस की टीम खम्हरिया से बलौदाबाजार, कोरबा के सीमावर्ती तक पिछले तीन दिनों से सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा पूर्व में उठाईगीरी, लूट के मामले में पकड़े गए सीपत क्षेत्र के मढ़ई, बलौदा के आधा दर्जन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सिविल ड्रेस में पुलिस की टीम कोरबा व बलौदाबाजार के सीमावर्ती इलाकों में तैनात होकर लुटेरों का सुराग लगा रही है।



सीपत के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी 100 ग्राम सोने के जेवर लेकर भागे 3 युवक

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

- आधा दर्जन संदेही हिरासत में, पूछताछ जारी
- सरहदी क्षेत्रों में खंगाला जा रहा सीसीटीवी फुटेज

### 1 करोड़ की उठाईगीरी का सुराग नहीं

अक्टूबर माह 2025 में रायपुर के सराफा व्यापारी अम्बिकापुर में व्यापार करने के बाद बस से रायपुर लौट रहे थे। रास्ते में वे बस में सो गए। रतनपुर बस स्टाप के पास अज्ञात चार उठाईगीर 1 करोड़ के सोने के जेवर, 7.50 लाख रुपए नकद से भरा थैला चोरी कर भाग गया था। नेहरू चौक में व्यापारी की नींद खुली तब उठाईगीरी का खुलासा हुआ। पुलिस उठाईगीरों की तलाश में महाराष्ट्र तक गई थी, किन्तु बैरंग लौट गई थी। 5 माह बाद भी पुलिस उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### लूट के आरोपी कोर्ट में पेश होंगे आज

17 फरवरी को राजकिशोरनगर टेलीफोन एक्सचेंज रोड में सराफा व्यापारी संतोष तिवारी पर जानलेवा हमला कर साढ़े तीन किलो सोना, 3.50 लाख रुपए नकद व कार लूटने वाले लुटेरे विजय लांबा दिल्ली, मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश, विनोद उर्फ बीनू प्रजापति कोटा राजस्थान, करीब खान बरेली उत्तर प्रदेश को प्रोडेक्शन रिमांड में पुलिस टीम शनिवार को लेकर शहर लौटी थी। लुटेरों से पूछताछ करने के बाद रैकी में सहयोग करने वाले 27 खोली निवासी गुण्डा बदमाश नारद श्रीवास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रोडेक्शन रिमांड के तहत 23 फरवरी को पुलिस लुटकांड के आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी।

## समर शेड्‌यूल में नहीं मिल सकी है नई फ्लाइट

# नए रूट पर फ्लाइट का इंतजार खत्म नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को 5 साल बाद नाइट लैंडिंग की सुविधा मिल चुकी है। इसके साथ ही एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर ने समर शेड्‌यूल जारी कर दिया है, लेकिन शहरवासियों के लिए नई फ्लाइट नहीं मिल सकी है। हफ्ते में एक ही फ्लाइट से गुजारा करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि मेट्रो सिटी तक रोजाना एक फ्लाइट की मांग लंबे समय से चल रही है जिस पर इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर में सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट का सपना अभी भी हवा में है, हालांकि 2021 में बिलासा एयरपोर्ट की स्थापना के बाद अब नाइट लैंडिंग का ट्रायल हो चुका है, जिससे साफ है कि अब रात्रिकालीन हवाई सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी, लेकिन अभी भी शहरवासियों का संघर्ष खत्म नहीं हो सका है। शनिवार को एयरलाइन्स कंपनी ने समर शेड्‌यूल जारी किया है। इसमें प्रयागराज, जबलपुर, कोलकता, अंबिकापुर और दिल्ली के लिए हफ्ते में एक दिन की फ्लाइट है। सभी फ्लाइट पिछले 3 से 4 सालों से चल रही है, एयरलाइन्स कंपनी इसी रूट पर कभी फ्लाइट बढ़ाती है और कभी घटा देती है जबकि शहरवासियों की मांग मेट्रो सिटी के साथ ही हैदराबाद, बैंगलोर, पुणे की फ्लाइट शुरू करने की है लेकिन इस ओर राज्य सरकार और अलायंस एयर ध्यान नहीं दे रही है।




### सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट भी हवा में लटकी

### इस रूट पर चलेगी फ्लाइट

अलांयस एयर द्वारा जारी किए गए शेड्‌यूल में सोमवार को दिल्ली से फ्लाइट बिलासपुर आकर अंबिकापुर जाएगी। इसके साथ ही मंगलवार को दिल्ली की फ्लाइट बिलासपुर-जबलपुर और बिलासपुर-दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। बुधवार को दिल्ली की फ्लाइट अंबिकापुर-बिलासपुर-दिल्ली के लिए मिल सकेगी। इसी प्रकार गुरूवार को महज कोलकता की फ्लाइट रहेगी। शुक्रवार को दिल्ली-प्रयागराज-बिलासपुर-प्रयागराज-दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। शनिवार को कोलकाता से फ्लाइट बिलासपुर-दिल्ली-बिलासपुर-जबलपुर और बिलासपुर से दिल्ली चलेगी। खास बात यह है कि प्रयागराज के लिए हफ्ते में महज एक फ्लाइट है, जबकि इस रूट में आसानी से यात्री मिल जाते हैं।

### रात में नहीं है फ्लाइट

समर शेड्‌यूल जारी करने वाले अलायसं एयर ने नाइट लैंडिंग के बाद भी रात्रिकालीन हवाई सुविधा के लिए एक भी फ्लाइट नहीं दी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नाइट लैंडिंग होने के बाद भी रात की फ्लाइट बिलासा एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि एयर एम्बुलेंस और प्राइवेट फ्लाइट लाई जा सकेगी। शहरवासियों की मांग है कि कम से कम दिल्ली और कोलकाता के लिए रात्रिकालीन फ्लाइट की सुविधा मिल सके।

# बिना खंबा हटाए बन रही सड़क

**बिलासपुर।** तोरवा से राजकिशोर पहुंच मार्ग पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन इस दौरान नियमों को ताक पर रख दिया गया है। सड़क चौड़ीकरण से पहले बिजली पोल और खंबों की शिफ्टिंग नहीं की गई है, ऐसे में हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

सड़क चौड़ीकरण से पहले खंबें अनिवार्य तौर पर हटाए जाते हैं, लेकिन गुरूनानक चौक से मोपका, छठघाट, बजरंग चौक, स्मृति वन जैसे राजकिशोर नगर के इलाकें में नगर निगम और बिजली विभाग लोगों की सुविधाओं को अनदेखा कर निर्माण कार्य करा रहा है। दरअसल सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है लेकिन इससे पहले खंबे जस के तैस दिखाई दे रहे है। ऐसे में सड़क बनने के बाद खंबों से हादसा होने का खतरा बना रहेगा हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निगम द्वारा फंड देरी से दिया गया है।



### जल्द होगी शिफ्टिंग

- फंड जमा नहीं होने के कारण बिजली विभाग की देरी

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर किया गया पुण्य स्मरण



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर खूबचंद बघेल की आज पुण्यतिथि मनाई गई। डॉक्टर खूबचंद बघेल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजन व अनुयायी जन पहुंचकर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल टाह ने कहा कि डॉक्टर खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ निर्माण के महान योद्धा थे। उनकी दूर दृष्ठिता ने 60 के दशक में ही पृथक छत्तीसगढ़ का सपना देख लिया था। उनके स्वप्न के रूप छत्तीसगढ़ का निर्माण आज भी नहीं हो पाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर विनोद तिवारी ने कहा डॉ बघेल अंतिम पंक्ति के लोगों व मूल छत्तीसगढ़ियों की आवाज निरूपित किए। उन्होंने निस्वार्थ भाव से छत्तीसगढ़ की विकास में अपनी सहभागिता दी। छत्तीसगढ़ के अस्मिता और स्वभिमान के लिए उन्होंने तात्कालिक मंत्रिमंडल से मंत्रीपद से त्यागपत्र दे दिए थे। विशिष्ट अतिथि प्रमोद नायक ने कहा कि उनके सपने से आज छत्तीसगढ़ राज्य बना है। कार्यक्रम का संचालन भुवन वर्मा ने किया। उक्त अवसर पर शीतल पटनवार, डॉ एल सी मढ़रिया, रामकुमार वर्मा ,निर्मल अग्रवाल, डॉ शंकर यादव, ताराचंद साहू ,हितेश चौहान, अजय रजक,मोहित श्रीवास, सनी साहू,सतीश यादव आदि मौजूद थे।

### आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ ने किया संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान



**बिलासपुर।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्र का आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ के संभागीय इकाई द्वारा आज कर्मचारी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक पीआर यादव, प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा, आईटीआई संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद साहू ने संघ के विभिन्न मुद्दों को लेकर आवश्यक रणनीति के साथ निराकरण करने का आह्वान किया। कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री चंद्रा को साल एवं श्रीफल भेंट के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत करते किया गया। इस अवसर पर पवन कुमार शर्मा, पी आर यादव, विनोद कुमार साहू, जी आर चंद्रा, हिमाचल साहू, किशोर शर्मा, रामकुमार यादव, महेंद्र तिवारी, राजेश्वर टंडन, निरंकार तिवारी, आरती राजपूत ,ज्योति पाल, आशा तिर्की, डॉक्टर योगेश तिवारी, रमेश कौशिक, समीर कौशिक, विनोद साहू ,गोविंद देवांगन, चुन्नीलाल साहू, दुर्गेश साहू, अनुराग तिवारी, अनिल डनसेना, प्रवीण यादव, सत्य प्रकाश जांगड़े, जोगिंदर पात्र, किशोर शर्मा, ओम त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

### ऑटोमेटिक सिग्नलिंग से ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित 25 से

**बिलासपुर।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के व्यास नगर-काशी सेक्शन के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने- गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 फरवरी को गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया चुनार-प्रयागराज-फाफा मऊ- जंघई-जौनपुर होकर बरौनी जाएगी। इसी तरह 25 फरवरी को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़- सुल्तानपुर-अयोध्या धाम-गोरखपुर होकर नौतनवा जाएगी।

### शालीमार-एलटीटी -शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**बिलासपुर।** बेहतर सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 21 से 27 फरवरी तक शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार 23 से 28 फरवरी व 1 मार्च 2026 को एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी - शालीमार एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

रमन विवि एवं किम्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का संयुक्त आयोजन

# न्यायिक प्रक्रिया में वकील, डॉक्टर और पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय एवं किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को "मेडिको लीगल एड इन एक्शनः फ्रॉम क्लिनिक टू कोर्ट रूम" विषय पर एक दिवसीय विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा और विधि क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा उन प्रक्रियाओं को समझना था, जिनमें चिकित्सकीय मामलों का सीधा संबंध कानूनी पहलुओं से होता है।

- **मेडिको लीगल एड इन एक्शन: क्लिनिक से कोर्ट रूम तक विषय पर सेमिनार**

सेमिनार में विधि विशेषज्ञों, अधिवक्ताओं, न्यायिक क्षेत्र से जुड़े विद्वानों तथा वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए। चिकित्सा परीक्षण, चिकित्सकीय लापरवाही, दस्तावेजीकरण, साक्ष्य संकलन एवं प्रस्तुतिकरण तथा न्यायालयीन प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा हुई। इसमें विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं एवं चिकित्सकों ने मेडिको-लीगल प्रक्रियाओं की जटिलताओं को समझाया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस दीपक कुमार तिवारी ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में वकील, डॉक्टर और पुलिस तीनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये सभी एक-दूसरे की पूरक कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टिकोण का महत्व अत्यधिक है।

एक और एक को दो भी देखा जा सकता है, ग्यारह भी और शून्य भी, इसलिए न्यायालय के समक्ष तथ्य स्पष्ट, सटीक और समय पर प्रस्तुत होना चाहिए। उन्होंने साक्ष्य के समयबद्ध संकलन पर विशेष बल देते हुए कहा कि देरी होने पर तथ्य प्रभावित हो सकते हैं। वहीं हाईकोर्ट के सेवानिवृत्ति जस्टिस चंद्रभूषण वाजपेई ने कहा कि यह आयोजन महत्वपूर्ण आयोजन है उसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक्सपर्ट, अप्लाई, एग्जामिन, एविडेंस को यदि महत्वपूर्ण दृष्टि से किया जाए। तो इस दिशा में और अच्छे परिणाम आएंगे। किम्स की सीएमडी के कमला ने कहा कि आज केवल अच्छा ट्रीटमेंट ही नहीं डॉक्यूमेंटेशन और अच्छा कम्युनिकेशन भी जरूरी है। उद्देश्य हम सभी का एक है कि मनुष्य को प्रोटेक्ट किया जाए। किम्स के डायरेक्टर डॉ. रवि शेखर ने कहा कि कई बार केवल पाँच मिनट की सही कानूनी प्रक्रिया अपनाकर पाँच वर्षों के संघर्ष से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा में विधिक प्रक्रियाओं की जानकारी सीमित होती है, इसलिए ऐसे सेमिनार अत्यंत उपयोगी हैं। विश्वविद्यालय की समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि ज्ञान का समन्वय ही किसी भी जटिल प्रक्रिया को सरल बना सकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शालिनी पांडे ने किया। आभार प्रकट डॉक्टर ज्योति पांडे ने किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर छग हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश चंद्रभूषण वाजपेयी, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जायसवाल, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल, डॉक्टर सुधा राव, एडवोकेट आनंद मोहन तिवारी, एडवोकेट आशुतोष सिंह कछवाहा, एडवोकेट सुनील ओटेवनी, कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, श्रीमती के. कमला आदि मौजूद थीं।




सेमिनार में चर्चा करते आयोजन समिति के सदस्य व अन्य अतिथि।

#### पुलिस, डॉक्टर और वकील में आपसी समन्वय जरूरी : आईजी

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने कहा कि पुलिस, डॉक्टर और वकील सीधे तौर पर जनता से जुड़े होते हैं, इसलिए आपसी समन्वय और स्पष्ट समझ अत्यंत आवश्यक है, ताकि आमजन को त्वरित और प्रभावी न्याय मिल सके। हाईकोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कहा कि चिकित्सा एक अत्यंत मानवीय पेशा है, किंतु जब कानूनी प्रक्रिया जुड़ती है तो स्वाभाविक रूप से तनाव उत्पन्न होता है। यदि समन्वय और स्पष्ट प्रक्रिया अपनाई जाए तो बेहतर परिणाम संभव हैं।

#### अधिवक्ताओं और चिकित्सकों को सदैव अद्यतन रहना आवश्यक : कुलपति

विवि के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि कानून एवं चिकित्सा क्षेत्र में नियमों और प्रावधानों में निरंतर परिवर्तन होते रहते हैं, इसलिए अधिवक्ताओं और चिकित्सकों को सदैव अद्यतन रहना आवश्यक है। डॉ सी वी रमन विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा न्याय का अद्भुत संगम यहां पर है। निश्चित रूप से सिद्धांत और व्यवहार में अंतर रहता है ,लेकिन हमें दोनों को साथ लेकर चलने की जरूरत है।

# वरिष्ठों को यात्रा में नहीं मिल रही छूट दिया जा रहा लोअर बर्थ का कोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों में सफर करनें वाले बुजुर्गों को दी जाने वाली 50 फीसदी छूट को रेल प्रशासन ने कोरोना काल से बंद कर रखा है। इसे शुरु करने के बजाय वीआईपी और बुजुर्गों सहित गर्भवती महिलाओं के लिए स्लीपर और एसी कोच में निचली बर्थ का कोटा प्रदान किया गया है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कोरोना काल से पहले चलने वाली सभी ट्रेनों में वीआईपी से लेकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग, कैंसर पीड़ित मरीजों सहित छात्रों को रेलवे की ओर से किराए में विशेष छूट प्रदान की जा रही थी। इस छूट का फायदा लेने के लिए यात्रियों को केवल अपने दस्तावेज बुकिंग के दौरान पेश करने पड़ते थे। किराए में विशेष 50 फीसदी छूट के साथ ही रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुजुर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग, कैंसर पीड़ित यात्रियों को लोअर बर्थ की सुविधा भी मिल रही थी। कोरोना काल के बाद रेलवे ने स्पेशल के नाम पर ट्रेनों का परिचालन शुरु किया, जिसमें सारी सुविधाएं और छूट देना बंद कर दिया गया। डेढ़ साल के बाद स्पेशल ट्रेनें जब नार्मल चली तो लोगों को रेलवे की ओर से दी जाने वाली छूट मिलने की आस भी थी, जिसे रेलवे बोर्ड ने किसी भी स्टेशन और ट्रेनों में लागू नहीं किया। इसके कारण वर्तमान में भी समस्या से इन सभी यात्रियों को जूझना पड़ रहा है। रेल प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों व गर्भवती महिलाओं को यदि बर्थ उपलब्ध हो तो स्वचलित रूप से लोअर बर्थ आबंटित की जाती है, भले ही उन्होंने बुकिंग के समय कोई विशेष विकल्प न चुना हो।



#### निर्धारित है कोच में बर्थ कोटा

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर और एसी क्लास में यात्रियों के लिए कोटा निर्धारित किया गया है। स्लीपर क्लास के प्रत्येक कोच में 6 से 7 लोअर बर्थ का विशेष कोटा, एयर कंडीशन 3 टियर थर्ड एसी के प्रत्येक कोच में 4 से 5 लोअर बर्थ, एयर कंडीशन 2 टियर एसी टू के प्रत्येक कोच में 3 से 4 लोअर बर्थ उपलब्ध है। यह सुविधा ट्रेन में कोचों की संख्या के अनुसार उपलब्ध कराई जाती है, जिससे यात्रियों को अधिकतम सुविधा दी जा सके।

#### दिव्यांग के लिए आरक्षित कोटा

इसी तरह स्लीपर क्लास में चार बर्थ जिसमें दो लोअर बर्थ शामिल है और थ्री एसी, थ्री एसी इकॉनामी क्लास में चार बर्थ जिसमें दो लोअर बर्थ शामिल है। आरक्षित द्वितीय सीटिंग या एयर कंडीशन चेयर कार में चार बर्थ का आरक्षित कोटा दिव्यांग के लिए दिया जाता है। सफर के दौरान यदि लोअर बर्थ खाली रह जाती है तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और गर्भवती महिलाओं को आबंटित किया जाता है, जिन्हें पहले मिडिल या अपर बर्थ दी गई हो।

#### 90 फीसदी से अधिक रियायत

वर्ष 2025 से रेलवे ने दृष्टिहीन यात्रियों के लिए अलग प्रारुप एनेक्सचर 1 तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ, श्रवण एवं वाणी बाधित तथा आर्थोपेडिकली हैंडिकैप्ड यात्रियों के लिए अलग प्रारूप एनेक्चर 2 जारी किया है। अब दृष्टिहीनता की 90 फीसदी या उससे अधिक स्तर पर भी रियायत का प्रावधान किया गया है, जो दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत है।

#### जारी किए गए हैं 2964 पहचान कार्ड

विकलांगता के अनुसार रेलवे 25 से 75 फीसदी की छूट प्रदान कर रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के नेतृत्व में बिलासपुर डिवीजन ने अब तक करीब 2964 दिव्यांग रेल रियायत पहचान कार्ड जारी किया है। यह पहल दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें सुलभ, सुरक्षित एवं सस्ती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिलासपुर मंडल ने दिव्यांग रेल रियायत पहचान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को अब आनलाइन कर दिया है। रेलवे की ओर से दिव्यांगों को उनकी विकलांगता के अनुसार रेल किराए में 25 से 75 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट विशेष रूप से दृष्टिहीन, मानसिक रूप से अस्वस्थ, श्रवण एवं वाणी बाधित तथा आर्थोपेडिकली हैंडिकैप्ड यात्रियों के लिए लागू की गई है। पूर्व में इन चारों श्रेणियों के लिए रेलवे रियायत प्रमाणपत्र हेतु एक ही प्रारूप का उपयोग होता था।

## भारतेंदु साहित्य समिति ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर किया काव्य पाठ



**बिलासपुर।** भारतेंदु साहित्य समिति का नगर के सांई आनंदम परिसर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भारतेंदु हरिश्चंद्र के ध्येय वाक्य को रेखांकित करते स्मरण किया।

हरबंश शुक्ल ने कहा कि हमारी महतारी भाखा छत्तीसगढ़ी भाषा यद्यपि सर्वमान्यता को प्राप्त कर चुकी हैं तथापि इसके तथाकथित हिमायती बने जो लोग थे वे छत्तीसगढ़ी भाषा के संवर्धन और विकास में ध्यान न देकर इसे पद, प्रतिष्ठा,धनअर्जन, ख्याति प्राप्त सम्मान पाने का केवल स्वार्थगत माध्यम बनाया यह बड़ा ही दुखद विषय रहा छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ अन्याय रहा। मुख्य अतिथि नंदकिशोर शुक्ला का सम्मान वरिष्ठ कवि एवं समिति के प्रधान सचिव विजय तिवारी, वरिष्ठ कवि अमृतलाल पाठक, बुधराम यादव, प्रचार सचिव हरबंश शुक्ल ने किया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि रेखराम साहू ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वस्तुतःअंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस उन शहीदों के लिए बलिदान दिवस है जिन्होंने भाषा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। समिति के प्रधान सचिव विजय तिवारी ने कहा कि आज की गोष्ठी में महतारी भाखा छत्तीसगढ़ी में ही संचालन, उद्बोधन, काव्यपाठ होना चाहिए जो कवि अन्य भाषा भाषी हैं वे अपनी मूल मातृभाषा में पठन करेंगे। कार्यक्रम में सभी कवियों ने अपनी मूल मातृभाषा में रचनाओं का पठन किया जिसमें छत्तीसगढ़ी, बुंदेलखंडी, ब्रजभाषा, बंगाली भाषा में भी रचनाएं पढ़ी गई। कार्यक्रम में ओमप्रकाश भट्ट,द्रौपदी साहू, दिनेश्वर जाधव, दिनेश तिवारी, राकेशअयोध्या,जगतारन डाहिरे, गजानंद पात्रे, मनीषा भट्ट, आरती राय, डा अरिहंत जैन,अशोक शर्मा, अमृतलाल पाठक, बुधराम यादव, अशरफी लाल सोनी, राजेश सेवतकर, राजपूत, पूर्णिमा तिवारी, सर्वेश पाठक,शैला अग्रवाल,व्यास सिंह कोटमी सोनार,मतवाले, आदि ने रचनाओं का पठन किया।

3 हजार 500 करोड़ की लागत से किया जा रहा निर्माण कार्य

# बिलासपुर से गोंदिया तक शुरू हुआ चौथी लाइन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोन के अंतर्गत बिलासपुर से गोंदिया स्टेशन के बीच अलग-अलग सेक्शन में चौथी लाइन का काम शुरु कर दिया गया है, जिसके लिए 3500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बोर्ड की ओर से सेंक्शन की गई है। इस लाइन के बनने के बाद मालगाड़ी के साथ यात्री गाड़ियों के परिचालन समय में भी सुधार होने की संभावना बढ़ जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर की चौथी लाइन का काम करीब-करीब अंतिम चरण में पहुंच गया है, जिसकी लागत करीब 2100 करोड़ रुपए से अधिक है। इस चौथी लाइन को बनाने के साथ आटोमेटिक सिग्नलिंग, ओएचई सहित अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। वहीं वर्तमान में बिलासपुर से नागपुर स्टेशन के बीच बिलासपुर से रायपुर तक तीसरी लाइन और रायपुर से दुर्ग, राजनांदगांव से डोंगरगढ़, डोंगरगढ़ से गोंदिया तक दूसरी व तीसरी लाइन पर यात्री गाड़ियां और मालगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। झारसुगुड़ा से लेकर बिलासपुर, रायपुर और नागपुर तक हावड़ा-मुम्बई की मुख्य रेल लाइन है, जिसमें 250 से अधिक मालगाड़ियां और 125 से अधिक एक्सप्रेस, मेल, दूरंतो, लोकल, मेमू व पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसी लाइन पर पिछले चार साल से बिलासपुर-नागपुर के बीच वंदेभारत ट्रेन को भी चलाया जा रहा है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन के बाद अब रेल मंत्रालय ने बिलासपुर के दाधापारा रेलवे स्टेशन से लेकर गोंदिया के बीच चौथी लाइन का कार्य भी सेंक्शन कर दिया है, जिसका कार्य रेल प्रशासन ने शुरु भी कर दिया है। वर्तमान में दगौरी, बिल्हा, बैकुंठ सहित अन्य सेक्शन पर चौथी लाइन बनाने के लिए ट्रैक बिछाने व अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं।

#### यह हैं स्वीकृत सेक्शन

- दाधापारा से बिल्हा तक 9.20 किलोमीटर की लाइन 169.06 करोड़ रुपए।
- बिल्हा से दगौरी के बीच 6.5 किलोमीटर की लाइन 86.59 करोड़ रुपए।
- बैकुंठ से उरकुरा के बीच 26.40 किमी की लाइन।
- भाटापारा से हथबंद के बीच 16 किलोमीटर की लाइन 177 करोड़ रुपए।
- दुर्ग से राजनांदगांव तक 464 करोड़ रुपए और राजनांदगांव से डोंगरगढ़ तक 328 करोड़ रुपए।
- डोंगरगढ़ से गोंदिया तक चौथी लाइन का कार्य 2223 करोड़ रुपए।

#### अलग-अलग चरणों में काम

बिलासपुर से रायपुर और गोंदिया तक तीसरी लाइन के बाद अब चौथी लाइन का काम भी शुरु कर दिया गया है। यह कार्य अलग-अलग चरणों में सेंक्शन किया गया है। चौथी लाइन के बनने के बाद ट्रेन परिचालन के समय भी सुधार होगा।

-सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर



Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## भागवत श्रवण से जीव का कल्याण संभव, वक्ता व श्रोता का लक्ष्य कृष्ण



**बिलासपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य योगेश तिवारी महाराज ने कहा कि भागवत श्रवण से जीव का कल्याण संभव है। संसार के भाग दौड़ के बीच जीव का असली और एकमात्र हित भगवान को पा लेने में ही है। जब वक्ता और श्रोता दोनों का लक्ष्य केवल कृष्ण हो तभी कथा का वास्तविक आनंद मिलता है। कथा व्यास ने कहा कि यदि जीवन का लक्ष्य केवल श्रीकृष्ण है तो मुक्ति दासी है। श्री कृष्ण की शरणागत में कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने धुंधकारी चरित्र और उसके अंत की दिव्य कथा का वर्णन किया और बताया कि जिस प्रकार धुंधकारी ने पापकर्मों का मार्ग त्यागकर सत्संग और भक्ति के माध्यम से मुक्ति प्राप्त की, उसी प्रकार मनुष्य को भी सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान में एकाग्रता स्थापित करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धुंधकारी का उद्धार गोकर्ण के माध्यम से हुआ, जो यह दर्शाता है कि भागवत श्रवण से जीव का कल्याण संभव है।

जागरूकता

## पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, जरूरी है संरक्षण



**बिलासपुर।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में पूज्य बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर छठ घाट तोरवा पुल के नीचे सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें बिलासपुर सेवादल के लगभग 200 महात्माओं की भी सहभागिता रही। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। वंदनीय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से 'अमृत प्रोजेक्ट' के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के चौथे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ। बिलासपुर जोन अंतर्गत बिलासपुर सहित बिल्हा-चकरभाठा, अम्बिकापुर, कोरबा, मनेन्द्रगढ, पेण्ड्रा, ओडेकेरा, पत्थलगांव, पाली-रतपनुर में भी तालाबों, नदियों की सफाई की गई।

आयोजन

## धन गुरु नानक दरबार में सुखमणि साहिब का पाठ



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहिब दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की याद में मासिक वर्सी मनाई गई। इस अवसर पर संगत ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। बबल भाई साहेब ने गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू लालचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, सुरेश माधवानी, दीपक लालवानी, नीलम, अशोक मतलानी अन्य का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम

## गीता दीदी ने कई आत्मा को जोड़ा आध्यात्मिक शक्ति से



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर की क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी गीता दीदी की 12वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारीज हेमूनगर सेवा केंद्र द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में बीके भाई-बहन एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभा में गीता दीदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया गया। साथ ही बताया गया कि उनका जीवन त्याग, तपस्या और समर्पण की सजीव मिसाल थी। वे कहा करती थी कि "चाहे इंसान को कोई भी फल खाने को मिले या न मिले, लेकिन कर्म का फल अवश्य खाना पड़ता है।" उनके इस संदेश ने अनगिनत लोगों को सच्चाई और जिम्मेदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ब्रह्माकुमारी हेमूनगर सेवा केंद्र की संचालिका बीके लता दीदी ने कहा कि गीता दीदी ने बिलासपुर क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ में ईश्वरीय सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीएससी में पूछा- पर्रा भर लाई, पनही खियाना छत्तीसगढ़ी व्यंजन, कला संस्कृति पर भी सवाल

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को दो पालियों में सीजीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा जिले के 66 केन्द्रों में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस परीक्षा में 23 हजार 596 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में आवदेन किया था, जिसमें प्रथम पाली में 3 हजार 13 व दूसरी पाली में 3 हजार 254 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।







### केन्द्रों का किया निरीक्षण

बिलासपुर संभाग के प्रभारी द्वारा परीक्षा के केन्द्रों में जाकर निरीक्षण किया गया, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य संत कुमार नेताम, प्राचार्य संजय कुमार सिंघई और नोडल अधिकारी एस के कंवर मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीजीपीएससी की इस परीक्षा में प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी की गई थी, परीक्षार्थियों को प्रवेश के पहले जांच की गई, परीक्षा में पहला प्रश्न पत्र समान्य अध्ययन व दूसर पेपर सी से का था, जिसमें दो घंअे का समय दिया गया था। दोनो पेपर 400 अंक के थे, जिसमें वन थर्ड माइनस मार्किंग भी रखा गया था। प्रशासन द्वारा केन्द्रों में प्रवेश के पहले विशेष जांच की गई, जिसके बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। प्रश्न पत्र में इतिहास, संविधान, व्याकरण, छत्तीसगढ, रिजनिंग व गणित विषय के सवाल पूछे गए।

परीक्षार्थियों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यी समिति का गठन, संपत्ति के अधिकार का अनुच्छेद, लघु उद्यमी के लिए निवेश की सीमा व छत्तीसगढ का खनिज जिला, नृत्य, व्यंजन जैसे तमाम प्रश्न पूछे गए। परीक्षाथी अभिषेक शर्मा ने बताया कि सामान्य अध्ययन का पहला प्रश्न पत्र काफी संतुलित रहा, छत्तीसगढ़ से पूछे गए प्रश्नों में करंट अफेयर्स' और 'बजट' की दृष्टि से काफी गहराई से प्रश्न किये गए। इस बार प्रशासन और विभागीय योजनाओं से जुड़े प्रश्नों की भरमार थी। बतादें कि भर्ती वर्ष 2025-26 के तहत 238 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए रविवार को बिलासपुर सहित प्रदेश के 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाये गए थे।

### मल्हार, खारुन पर भी सवाल

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, साहित्य और इतिहास से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए। इनमें पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी के काव्य संग्रह 'पर्रा भर लाई', पं. लोचन प्रसाद पांडेय के लेखों, उरांव जनजाति के सरहुल त्यौहार, खारून नदी और मल्हार के बीस दुअरिया मंदिर जैसे विषय शामिल थे।

### इस तरह पूछे गए प्रश्न

- राजस्थान के किस जगह पर में हड़प्पा काल के 'जुते हुए खेत' के साक्ष्य मिले?
- रेहला के लेखक कौन हैं।
- नीति आयोग द्वारा प्रकाशित 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025' में शीर्ष तीन स्थानों का सही क्रम क्या?
- **सॉर्टर रोग:** बैक्टीरिया के कारण होता है, जो अक्सर ऊन छँटाई (**sorting**) करने वाले श्रमिकों में
- पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के पर्यावरण दिवस का प्रमुख विषय/फोकस है।
- न्याय न्याय दर्शन 'आस्तिक' है क्योंकि यह वेदों की प्रामाणिकता और ईश्वर को मानता है।
- दार्जिलिंग चाय 2004 में दार्जिलिंग चाय भारत का पहला उत्पाद था जिसे **GI** टैग मिला।
- भारत की पहली शास्त्रीय भाषा हुल्कीपाटा क्या है?
- धर्मेश' किस जनजाति के प्रमुख देवता है?
- छत्तीसगढ़ में 'खीर' जैसा व्यंजन?
- किस होटल में रायपुर षड़यंत्र केस की योजना बनाई गई थी
- कोठली जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?
- छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत ग्राम पंचायतों का वार्डों में विभाजन और उनका सीमांकन कौन करता है?
- पनही खियाना छत्तीसगढ़ी में क्या अर्थ है?
- खद्दर घर या बन खद्दर?

### इन पदों के लिए परीक्षा

सीजीपीएससी की परीक्षा कुल 238 पदों के लिए आयोजित की गई, जिसमें डिप्टी कलेक्टर के 14 पद भी शामिल हैं। अन्य पदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के 18 पद, छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के 15 पद, राज्य कर निरीक्षक के 16 पद, उप पंजीयक के 12 पद, आबकारी उप निरीक्षक के 11 पद और राज्य कर सहायक आयुक्त के 10 पद हैं। इसके अलावा नायब तहसीलदार के 51 पद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा ग) के 29 पद और राज्य पुलिस सेवा (उप पुलिस अधीक्षक) के 28 पद भी शामिल हैं।

# कलाकारों ने दी एकल, समूह कथक की प्रस्तुति





### एकल कथक की प्रस्तुति

सुश्री पणिकर ने रायगढ़ घराने की एकल कथक नृत्य प्रस्तुति दी। उनकी सधी हुई नृत्य भाषा, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और तकनीकी परिपक्वता दर्शकों को कथक की सूक्ष्मता से परिचित कराया। यह प्रस्तुति पूरे महोत्सव को कलात्मक ऊंचाई प्रदान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायगढ़ घराने की शास्त्रीय नृत्य परंपरा को समर्पित अखिल भारतीय सांस्कृतिक महोत्सव "विरासत 2026" का समापन सांस्कृतिक संध्या रविवार को देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। इसमें कलाकारों ने एकल व समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को घंटों बांधे रखा।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ गोस्वामी म्यूजिक क्लासेस द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया। पं. देवेंद्र गोस्वामी के निर्देशन में प्रस्तुत यह वंदना मां सरस्वती को समर्पित रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ थे। अध्यक्षता आलोक श्रीवास्तव पूर्णकालिक निदेशक एनजीजी अल ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में शिल्पा केडिया अध्यक्ष सखी फाउंडेशन, मास्टर शरद वैष्णव संचालक वैष्णव संगीत महाविद्यालय, मंच पर सुश्री वासंती वैष्णव एवं पं. सुनील वैष्णव उपस्थित रहे। यह आयोजन कला विकास केन्द्र बिलासपुर द्वारा स्व. पं. फिरतु महाराज वरिष्ठ नृत्याचार्य रायगढ़ घराना की पुण्य स्मृति में किया गया।

इस आयोजन में संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा एसईसीएल बिलासपुर का सहयोग रहा। कला, साधना और परंपरा से सजी इस सांस्कृतिक संध्या ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत की गौरवशाली विरासत का सशक्त प्रतिबिंब प्रस्तुत किया।

### समूह कथक नृत्य ने मोहा मन


श्री वैष्णव संगीत महाविद्यालय द्वारा समूह कथक नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी गई। जिसका निर्देशन मास्टर शरद वैष्णव रायगढ़ ने किया। इस प्रस्तुति में रायगढ़ घराने की पारंपरिक भावभंगिमा, सुदृढ़ पद चालन और लयात्मक सौंदर्य का सजीव प्रदर्शन देखने को मिला। साथ ही दर्शकों को कथक की गहराई से साक्षात्कार भी कराया।

### सरोद, सितार, तबला की जुगलबंदी

समापन समारोह का विशेष आकर्षण सरोद, सितार, तबले की जुगलबंदी रही। जिसमें सितार पर आकाश सोनी, सरोद पर अंशिका सोनी, तबले पर मनु कोराल जबलपुर, मध्यप्रदेश ने संगति दी। यह जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत की विविधता, संवादात्मकता और ताल–लय के अद्भुत संतुलन को दर्शाई।

# 26वां खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव में भव्य श्रृंगार

**बिलासपुर।** श्री श्री खाटू श्याम बाबा फाल्गुन उत्सव की शुरूआत 25 फरवरी से होगी। निशान यात्रा मध्यनगरी चौक स्थित राधाकृष्ण मंदिर से सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। यह यात्रा सदर बाजार, गोलबाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्ट्रैण्ड, अग्रसेन चौक होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर में समापन होगी। फाल्गुन उत्सव पर इस बार दिल्ली से श्रृगांर के लिए फूलों को मंगाया जा रहा है, खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे से श्याम पाठ का आयोजन किया गया है। जो शाम 7 बजे तक संपन्न होगा। इसमें विभिन्न समूहों द्वारा भजन व श्याम पाठ की प्रस्तुति की जाएगी। 27 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा।



### भजन व 56 भोग लगेगा

भजन गायक नई दिल्ली प्रख्यात पूनम शर्मा, बिहार कटिहार के भजन गायक प्रवीण चौधरी, रायपुर की अंजनी अग्रवाल एवं बिलासपुर के रोहित भजन प्रस्तुत करेंगें। भजन समापन के पश्चात श्यामबाबा की आरती 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। 28 फरवरी को सुबह 10 बजे मसानगंज मंदिर परिसर में समापनी प्रसाद का चढ़ावा का आयोजन शुरू किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुगणों द्वारा भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा, उक्त समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशनी अग्रवाल, सावित्री जाजोदिया, शारदा सिंघल, स्यिा भण्डारी, सीना अग्रवाल, राकेश प्रजापति, अनिल लच्छूका, शरद अग्रवाल,संतोष वर्मा, मांडला बाबू, राजू सोनी, बड़का भाई, गोगी चाट वाला,आशीष भण्डारी सक्रिय रूप से जुटे हुए है।

कार्नर न्यूज

# गुणवत्ता, विवेकशीलता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व शिक्षा के मुख्य स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन गरिमामय और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। 42 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, प्रख्यात शिक्षाविदों तथा नीति-विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर का एक प्रमुख विमर्श मंच बना दिया।




उच्च शिक्षा में समग्र परिवर्तन, मूल्य-आधारित ज्ञान परंपरा, उद्योग-अकादमिक समन्वय तथा वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप नवाचार को केंद्र में रखते हुए देशभर के यह सम्मेलन महज एक औपचारिक सभा नहीं रहा, अपितु उच्च शिक्षा के भविष्य की दिशा तय करने वाला वैचारिक महायज्ञ सिद्ध हुआ। इसका सर्वोच्च प्रतिफल "बिलासपुर डिक्लेरेशनः परिवर्तन आवश्यक है" के रूप में उभरा है। मुख्य अतिथि प्रो पी के बाजपेयी ने 'विकसित भारत' के संकल्प को शिक्षा सुधारों से जोड़ते हुए गुणवत्ता,विवेकशीलता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को शिक्षा के मुख्य स्तंभ बताया। उन्होंने डेटा सेंटर स्थापना तथा उद्यमिता-आधारित डिग्री कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया।

समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य प्रो एडीएन वाजपेयी ने शिक्षा को राष्ट्र-निर्माण का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा, "शिक्षा प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देती, किंतु उसका प्रभाव समाज की चेतना और चरित्र में स्पष्ट परिलक्षित होता है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि ज्ञान तब सार्थक होता है जब वह आत्मसात होकर विवेक और प्रज्ञा में रूपांतरित हो जाए। भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वेदों एवं पुराणों के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं, अपितु अंतर्दृष्टि का विकास है। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा का सच्चा विकास थोपे गए ढांचों से नहीं, बल्कि संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार से ही संभव है। यह सम्मेलन उन विचारों का सेतु बनेगा जो सरकार एवं नीति-निर्माताओं तक पहुँचकर शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। कुलसचिव तारणिश गौतम ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इन विचारों को धरातल पर उतारना ही सम्मेलन की वास्तविक सफलता होगी।

### अंतिम व्यक्ति आत्मनिर्भर नहीं होता, विकास की यात्रा अधूरी

तकनीकी सत्र में पूर्व कुलपति प्रो. जी. सी. आर. जायसवाल ने कौशल-आधारित शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि चरित्र और कौशल का संगम ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने तकनीक-युक्त अध्ययन, पीपीपी मॉडल तथा 'पेड इंटर्नशिप' को वर्तमान युग की अनिवार्य आवश्यकता बताया। पूर्व कुलपति प्रो रोहिणी प्रसाद ने "एकात्म मानव दर्शन" के संदर्भ में कहा कि अंत्योदय की अवधारणा ही विकास का वास्तविक पैमाना है। जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति आत्मनिर्भर नहीं होता, विकास की यात्रा अधूरी रहती है। उन्होंने धर्म, अर्थ और काम के संतुलित समन्वय को प्रगति का आधार बताया।

### इन प्रस्तावों पर सहमति

17 घंटों के गहन विमर्श के बाद तैयार इस संकल्प-पत्र में 11 प्रमुख बिंदुओं पर सर्वसम्मति बनी। जिसमें प्रमुख प्रस्ताव उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार, अनुसंधान एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र का सुदृढ़ीकरण, सुदृढ़ उद्योग-अकादमिक साझेदारी तथा कौशल-आधारित पाठ्यक्रम। तकनीकी एकीकरण, उद्यमिता संवर्धन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली (**IKS**) का प्रभावी समावेश। यह घोषणापत्र विश्वविद्यालयों के लिए भविष्य की कार्य-योजना का सशक्त मार्गदर्शक दस्तावेज सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### लव बने युवा मोर्चा के मंडल मंत्री



**तखतपुर।** युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अभिलाष लोनिया ने मंडल कार्यकारणीय का विस्तार किया है, जिसमें लव तिवारी को मंडल मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर लव तिवारी ने कहा कि, वे संगठन की ओर से मिलने वाली जवाबदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

### टीचर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 10 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौपने वालों में सचिव रामसिंह ठाकुर, मिल्लू राम यादव, रहीम डाहिरे एवं लेखराम नेताम, अन्नपूर्णा परिहार, राजा सिंह मिरी, शाबीर खान, कुंदन पात्रे, डॉ सत्यनारायण तिवारी, कामेश्वर कश्यप लीलाधर साहू, मुकेश वैष्णव, अमित केडी, सचिव संतोष कुमार साहू, नारायण साहू, लालसिंह राठौर, युगल राजपूत, मोतिमा साहू, कमलेश्वरी साहू, बसंत पटेल, रामगोपाल निषाद, रामखिलावन डड़सेना, कृष्णचंद्र राजपूत, अशोक कुमार साहू, बुधेश्वर ध्रुव, रामरतन साहू, सुरेंद्र कुमार राजपूत नोहर कोहली सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भर्ती हेतु पदोन्नति का प्रतिशत 50:50

**तखतपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से राज्य प्रशासनिक सेवा में भर्ती हेतु पदोन्नति का प्रतिशत पूर्व की भांति 40 प्रतिशत से बढ़ाकर पुनः 50 प्रतिशत किया गया है। उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2020 से पूर्व पदोन्नति एवं सीधी भर्ती का अनुपात 50:50 प्रतिशत था, जिसे घटाकर 40:60 कर दिया गया था। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से निरंतर यह मांग की जाती रही कि, पदोन्नति एवं सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों का अनुपात पूर्ववत 50:50 प्रतिशत किया जाए, ताकि सेवाकालीन अनुभव एवं प्रशासनिक दक्षता का समुचित सम्मान हो सके। संघ की उक्त मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए राज्य शासन ने फिर से पदोन्नति का प्रतिशत 50 प्रतिशत बहाल किया जाना एक स्वागतयोग्य निर्णय है।

## निधन

### रमेश गढ़ेवाल



**बिलासपुर।** राजीव गांधी चौक ओमनगर जरहाभांठा वार्ड क्रमांक 21 निवासी रमेश गढ़ेवाल का रविवार को निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को सुबह 10 बजे कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हितेश गढ़ेवाल (गोलू ) के पिता थे।

### सुब्रत कुमार जाना



बिलासपुर। तिफरा यदुनंदन नगर निवासी सुब्रत कुमार जाना का 35 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार यदुनंदन नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक जाना के पुत्र, सौरभ जाना के भाई व सारांश जाना के पिता थे।

### नीरा बाई शुक्ला



बिलासपुर। ग्राम फरहदा निवासी नीरा बाई शुक्ला पति स्वः केशव प्रसाद शुक्ला का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को सुबह 9 बजे ग्राम फरहदा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नरेन्द्र शुक्ला, भूपेन्द्र शुक्ला की माता थीं।

## मातर मड़ई उत्सव में हुए डिप्टी उपमुख्यमंत्री

# विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

डिप्टी सीएम अरुण साव शनिवार को पथरीपारा, खुड़िया में यादव समाज द्वारा आयोजित 'मातर मड़ई' उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और परंपरा के अनुरूप मातर मड़ई उत्सव का आयोजन समाज की एकता और आस्था का प्रतीक है। श्री साव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध राउत नाचा श्रृंगार के साथ यह शौर्य और लोककला का अद्भुत प्रदर्शन है। आज की युवा पीढ़ी इन परंपराओं से दूर होती जा रही है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी संस्कृति और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं। इस कार्यक्रम में कोमल गिरी गोस्वामी, धनीराम यादव, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, महेंद्र खत्री , सुशील यादव , संतोष तिवारी , पूर्णिमा अहिरवार, अभिषेक पाठक, मनोहर यादव, केशव यादव, विनोद, सूरज यादव, संजू यादव, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा आयोजन समिति केमिलाकु राम यादव, सुमित्रा बाई यादव, ओमप्रकाश यादव, गोपी यादव, ललित यादव, पवन यादव, भुनेश्वर यादव, यशपाल यादव, शत्रोहन यादव, जलेश्वर यादव, कैलाश यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।



### उपमुख्यमंत्री को कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन का न्योता



मल्हार। मस्तूरी क्षेत्र के सोन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके बिलासपुर नेहरू चौक स्थित कार्यालय में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री साव को ग्राम में पूर्ण हुए एवं स्वीकृत विकास कार्यों के लोकार्पण तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि, लगभग 19 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका जल्द ही लोकार्पण प्रस्तावित है। साथ ही सोनसरी से मुकुंदपुर तक साढ़े 8 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 19 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। श्री साव ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि, कार्यक्रम की तिथि जल्द ही निर्धारित की जाएगी और वे स्वयं उपस्थित होकर विकास कार्यों की शुरुआत करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, जिपं सदस्य राधा खिलावन पटेल, सोन सरपंच मोतीराम साहू सहित बजरंग पटेल, खिलावन श्रीवास, मनोज केवट, सीमा साहू आदि जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# खुले कुएं में गिरकर 4 वर्षीय मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

■ बेल तोड़ते वक्त पैर फिसलने से हुआ हादसा

क्षेत्र के अमलीकापा गांव में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर के पास खेल रही 4 वर्षीय मासूम हिमांशी वर्मा की खुले कुएं में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिमांशी घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वह पास ही लगे बेल के पेड़ से बेल तोड़ने लगी। बेल तोड़ते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ के पास स्थित पुराने व बिना ढके कुएं में जा गिरी। कुएं के चारों ओर न तो जाली लगी थी, न ही किसी प्रकार की सुरक्षा घेराबंदी।

### चीख-पुकार मची, लेकिन नहीं बच सकी जान



बच्ची के कुएं में गिरते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला हादसा बताया जा रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

गौरतलब है कि, मुंगेली जिले में इससे पहले भी खुले कुओं में गिरने या जहरीली गैस के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में खुले कुओं की सुरक्षा को लेकर अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में खुले कुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, यदि कुएं के चारों ओर जाली या पक्की घेराबंदी होती, तो शायद मासूम हिमांशी की जान बच सकती थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गांवों में स्थित सभी खुले कुओं की सूची बनाकर तत्काल सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी और मासूम की जिंदगी यूं असमय न छिन जाए।

# जमीन विवाद में हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



**लालपुर।** जमीन विवाद में हुई हत्या के फरार आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि, ग्राम बांधा में विवाद को लेकर 9 जनवरी 2025 को अयोध्या प्रसाद कुर्मी, अन्नू कुर्मी, रामफल कुर्मी, कुंजबिहारी कश्यप, संतोष कश्यप, नंद कुमार कश्यप, धनराज कश्यप, राजू कश्यप, डोमन निषाद, राधेश्याम कश्यप, सुरेश कश्यप व एक अपचारी बालक ने मिलकर रामकुमार कश्यप के साथ लाठी-डंडे से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।

उसके बाद सभी रामकुमार कश्यप के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाते हुए गांव गए। आरोपियों ने गांव में लक्ष्मीनारायण कश्यप पर भी हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला कर भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने धारा 103(1),109(1), 191(1),191(2),191(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर प्रकरण कर रामफल कश्यप, धनराज कश्यप, राजू कश्यप, डोमन निषाद, नंदकुमार कश्यप, सुरेश चन्द्राकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं मामले में फरार अन्नु कुमार चन्द्राकर की तलाश लगातार पुलिस कर रही थी। पतासाजी के दौरान 22 फरवरी को फरार आरोपी अन्नु कुमार चन्द्राकर को बिलासपुर के एकता नगर से हिरासत मे लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने मृतक रामकुमार कश्यप के ऊपर ट्रैक्टर को चढ़ाकर हत्या करने की बात स्वीकार की। उक्त ट्रैक्टर को जप्त कर आरोपी अन्नु कुमार चन्द्राकर पिता अयोध्या उम्र 23 वर्ष निवासी बांधा थाना लालपुर मुंगेली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# घूसखोर फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायतों का अंबार

■ 30 से भी ज्यादा स्वसहायता समूहों ने की थी विधायक से शिकायत

**तखतपुर।** एसीबी ने जिस फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है, उसके खिलाफ 30 से भी अधिक स्वसहायता समूहों ने लिखित शिकायत तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह से की थी, जिसके बाद श्याम वस्त्रकार को तखतपुर क्षेत्र से हटा दिया गया था।

तखतपुर क्षेत्र के शासकीय राशन दुकान चलाने वाले समूह जय महामाया महिला समूह सकर्रा, पर्थरा, मेड़पार बाजार, सागर, खजुरी नवागांव, मेड़पार, बेलमुण्डी, छतौना, कोपरा, अमसेना, खरगहना, छतौना, कुंआ, ढनढन, दैजा, भिलौनी, भरनी, देवरी खुर्द, खजुरीनवागांव, चोरभट्ठीकला, लमेर, विंध्यासर, नगोई, अमसेना, सोनबंधा, संबलपुरी, पोंगरिहा, के महिला समूहों ने विधायक से शिकायत की थी कि, सभी महिला समूह शासन की महत्वकांक्षी योजना पीडीएस को अच्छे बेहतर से चलाते हैं। खाद्य निरीक्षक जांच के नाम पर अवैध वसूली और परेशान करता है। साथ ही बड़े अधिकारियों से मिलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है एवं प्रत्येक महिला समूह से 11 सौ से 15 सौ रूपए प्रति माह की मांग करता है, राशि नहीं देने पर दुकान के निलंबन की धमकी देता है। इसके साथ ही अन्य विषयों को लेकर सभी महिला समूहों ने फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायत की थी। महिला समूहों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए कहा था। इसके अलावा राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण के मुख्यालय रायपुर में भी शिकायत की गई थी, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण के अधिकारी ने भीम कुमार सूर्यवंशी निवासी गनियारी की शिकायत को गंभीरता कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद इस अधिकारी ने तखतपुर क्षेत्र में धान खरीदी करने वाले छोटे-छोटे व्यापारी और राईस मिलर्स से जमकर वसूली की।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हुए छात्र



**जरहागांव।** जीजीयू एजुकेशन सोसायटी जरहागांव द्वारा संचालित अनुराग वीएम स्कूल जरहागांव में रविवार को 22 फरवरी को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनुराग वीएम स्कूल में विद्यार्थियों के अलावा आसपास के स्कूल फरहादा, छतौना, बुचूवाकपा, ढोंठमा, अनुराग पब्लिक स्कूल दशरंगपुर के बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था प्रमुख सुभद्रा कुमार राज कश्यप ने भारत माता की प्रतिमा पर धूप-दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात परीक्षा पर चर्चा कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। अंत में सभी बच्चों को सभी शिक्षकों ने शुभकामनायें दी। इस आयोजन में प्रमुख रूप से संस्था प्रमुख सुभद्रा कुमार राज कश्यप, जननी सिंह राजपूत, लक्ष्मी मानिकपुरी, हेमलता कश्यप, रोजलीन ख़ुटे, सोनाली कश्यप, अमित कुमार, आदि सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पेड़ पर लटका मिला शादी में आए युवक का शव

पथरिया। पथरिया थाना अंतर्गत पेड़ से लटकते हुए युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान नरेश राजपूत पिता हीरण राजपूत निवासी ग्राम बेलटुकरी जिला बेमेतरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नरेश राजपूत दो दिन पहले अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम किरना आया था। रविवार को ग्राम सोढ़ी मराठी स्थित बन्दवा तालाब के पास बबूल के पेड़ में उसका शव गमछे के सहारे लटका हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर पथरिया थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की एवं पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर कर आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई है। पुलिस परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### 10वीं की परीक्षा दिलाने गई छात्रा गायब, मामला दर्ज

तखतपुर। कक्षा 10वीं की परीक्षा दिलाने गई छात्रा के वापस घर नहीं पहुंचने पर पुलिस ने अपहरण की धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरौंधा नवापारा निवासी बुधारी बंजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 21 फरवरी को कक्षा 10वीं की परीक्षा दिलाने 16 वर्षीय छात्रा अपने पिता के साथ बालक हाईस्कूल तखतपुर आई थी। पिता ने बच्ची को परीक्षा केंद्र में छोड़ दिया, लेकिन जब लेने आया तो उसका कोई पता नहीं चला। जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से की।

# चिंतन दिवस के रूप में मना पावेल का जन्मदिन



**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय में विश्व स्काउट चीफ लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन को संस्था के व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं जिला स्काउट संघ के कोषाध्यक्ष संतोषकुमार यादव के विशिष्ट आतिथ्य में चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल तथा डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना की गई एवं ध्वज शिष्टाचार कर एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में लार्ड बेडेन पावेल के जीवनगाथा पर प्रकाश डाला गया तथा बच्चों को टोलीवार विभाजन कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। संस्था की प्राचार्य आशा दिवाकर ने कहा कि, मैं भी दो-दो बार राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी जाकर प्रशिक्षण प्राप्त की हूं, मैंने पाया है कि, यह संस्था लड़कियों को लैंगिक समानता, शिक्षा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि संतोषकुमार यादव ने कहा कि, 118 वर्ष पहले बेडेन पावेल ने 20 बच्चों को लेकर पहला शिविर लगाया होगा, तो उन्होंने आज की स्थिति के बारे में कल्पना भी नहीं की होगी। जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि, आज स्काउटिंग से जुड़े सदस्यों की जीवनशैली ही बदल गई है, मानों वे जीवन जीने की कला सिख गये हों। इसी क्रम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा और शिविर का आयोजन कर उन्हें याद करने का छोटा सा प्रयास किया गया। अंत में व्यवस्थापक एचआर भास्कर ने कहा कि, इसी तरह प्रत्येक बच्चों के लिए हर विद्यालय में स्काउटिंग गतिविधि संचालित होती है तो हमारा स्काउटिंग आंदोलन सुनागरिक बनाने का कारखाना साबित होगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोर, वीडियो वायरल



लोरमी। तहसील चौक के नजदीक झझपुरीकला रोड में नहर के पास स्थित एक मकान में चार अज्ञात तत्वों का घर के दरवाजा के ताला तोड़कर अंदर घुसने का वीडियो वायरल हो रहा है। अज्ञात तत्वों ने घर के अंद तो ताला तोड़कर घुसे थे, लेकिन अचानक पड़ोसियों की आहट सुनकर घर के सामने रखे जूते चप्पल को ही उठाकर चंपत हो गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ग्राम तिलकपुर निवासी विजय साहू 37 वर्ष पिता शिव कुमार साहू, जो वर्तमान में वार्ड क्रमांक 7 झझपुरीकला रोड नहर के पास रहते हैं, जो निजी काम से तिलकपुर गए हुए थे। इसी दौरान 21 फरवरी को रात लगभग 1.30 बजे सूना मकान देखकर 4 अज्ञात तत्वों ने उनके मकान के मेन गेट के ताला तोड़कर आंगन में प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने किराएदार के कमरे को बाहर से बंद कर दिया एवं का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसी दौरान आहट पर पड़ोसी जाग गए एवं आवाज करने लगे। अज्ञात तत्वों को पड़ोसियों के आहट सुनकर हड़बड़ा गए घर के सामने रखे जूता-चप्पल को लेकर भाग खड़े हुए। पीड़ित विजय साहू ने बताया कि, उसी रात 3.30 बजे घर लौटने पर उनको पड़ोसी यशवंत राजपूत ने गेट का ताला टूटने एवं अज्ञात तत्वों के बारे में जानकारी दी। पीड़ति विजय साहू ने 21 फरवरी को सुबह थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। गौरतलब है, कि अज्ञात तत्वों का वीडियो फुटेज सामने आया है, जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में स्पष्ट रूप से तत्वों की पहचान की जा सकती है। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि मामले में जांच किया जा रहा है।

## शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री से लोग आक्रोशित

# पथरिया नगर में भू-माफिया का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर पंचायत पथरिया में इन दिनों भू-माफिया का अवैध कारोबार जोरों-शोरों से चल रहा हैं। इनके हौसले इतने बुलंद हैं कि, इनके अवैध कामों से नगर की शासकीय भूमि भी नहीं बच पा रही है। विशेष कर नगर के वार्ड क्रमांक 1 लछनपुर में स्थिति और भी खराब है, जहां स्थित जलाशय, विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र, आईटीआई परिसर समेत पोलिटेक्निक कॉलेज के लिए प्रस्तावित भूमि भी अतिक्रमण की चपेट मे आ गई है। इसे लेकर वार्ड पार्षद प्रिया बघेल एवं नागरिकों ने नगर पंचायत एवं राजस्व विभाग मे लिखित शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता इन अतिक्रमणकारियों को मौन स्वीकृति देने की ओर इशारा करती है।

**ग्रामीण खरीद रहे हैं शासकीय जमीन-** विकास खंड के विभिन्न गांवों से आने वाले ग्रामीण यहां शासकीय जमीन को खरीद रहे हैं, और वहां मकान बनाकर नगर पंचायत में रजिस्ट्रेशन भी करा रहे हैं। इसी बीच नगर के जनप्रतिनिधियों ने सभी को शासकीय जमीन नहीं खरीदने आगाह किया है।



### शासकीय भूमि मे बन गए मकान

वार्ड क्रमांक 1 स्थित तालाब के आसपास की शासकीय जमीन पर दर्जनों कच्चे-पक्के मकान बन चुके हैं, और लगभग 10-15 मकानों का काम जारी है। वार्ड के जागरूक नागरिकों द्वारा अतिक्रमण करने से मना करने पर संबंधित लोग इसे अपनी संपत्ति बता कर दादागिरी करते नजर आते हैं। नागरिक बताते हैं कि, राजनीतिक रसूख रखने वाले भू-माफिया शासकीय जमीन की खरीदी और बिक्री कर रहे हैं।

### निर्माणाधीन बस स्टैंड के समीप अतिक्रमण-

शिकायतकर्ताओं ने अपने आवेदन मे बताया कि, वार्ड क्रमांक 1 में हाईटेक बस स्टैंड का काम जारी है। उसके समीप शासकीय जमीन का बड़ा भू-भाग स्थित है और वहां भी अतक्रिमणकारियों का आतंक है। इसे देखते हुए आम जनमानस मे आक्रोश भी बढ़ने लगा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि, यदि प्रशासन की ओर से शीघ्र ही कार्यवाही नहीं की गई तो, नागरिकों द्वारा कार्यालय घेराव व विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### कार्रवाई की जाएगी

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालो परकार्रवाई की जाएगी।

\- रेखा चंद्रा, एसडीएम पथरिया

### हटाएंगे अतिक्रमण

बेजा कब्जा के संबंध मे शिकायत प्राप्त हुई है। अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा।

\- अनुराधा राजमणि, सीएमओ पथरिया

# सर्व ब्राह्मण परिषद की बैठक, मंजुला बनीं महिला अध्यक्ष



**मुंगेली।** भगवान परशुराम की शोभायात्रा, विप्र भवन में निर्माण कार्य, उपनयन संस्कार आदि विषयों को लेकर सर्व ब्राह्मण परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंजुला शर्मा को सर्व ब्राह्मण महिला परिषद की अध्यक्ष एवं निधि पौराणिक को सर्वसम्मति से शहर अध्यक्ष से चुना गया। इंदिरा केशव विप्र भवन में आयोजित बैठक में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुरामजी की पूजा-अर्चना तथा शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विभिन्न कार्यों के लिए समिति बनाकर कार्यक्रम आयोजन की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित करने के संदर्भ में भी विचार-विमर्श किया गया, जिसे आगामी दिनों में 8 मार्च को आयोजित बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा विप्र भवन में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई तथा भवन में फाल्स सीलिंग, व्यवस्थित बिजली फिटिंग आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, दुष्यंत दुबे, नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला, रामेश्वर तिवारी, आशीष मिश्रा, स्वतंत्र मिश्रा, सुनील पाठक, मनीष उपाध्याय, गणेश बाजपेयी, सौरभ बाजपेयी, मोहन उपाध्याय, सुनील पाण्डेय, मनीष उपाध्याय, राहुल पाठक, रविशंकर शर्मा, सुमित तिवारी, योगेश उपाध्याय, महेंद्र पाण्डेय, अजय तिवारी, अरविंद पाण्डेय, योगराज उपाध्याय, संतोष पाठक, सुरेश पाण्डेय, मनोज तिवारी, नवीन पाण्डेय, ऋषि पाण्डेय, नरेश कुमार शर्मा, छत्रपाल उपाध्याय, अविनाश तिवारी, ओमप्रकाश दीक्षित, प्रवीण तथा महिला विंग की प्रतिमा पाण्डेय, मंजुला शर्मा, निधि बाजपेयी, रानी मिश्रा, रजनी पाठक, कल्पना मिश्रा, निधि पौराणिक, ऋतु तिवारी, रजनी तिवारी, कुमुदिनी मिश्रा, सुषमा शर्मा, संगीता दुबे आदि विप्रजन उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मैं किन्दर साय पिता श्री जोगीराम अपने जमीन पर जिसका खसरा नं. 217/2 हें जिसका रकबा 9 डिसमील जमीन हैं। वर्तमान में मेरा कब्जा हैं। जिसका सीमांकन हो चुका हैं। अब मैं अपने जमीन पर मकान निर्माण कर रहा हूँ। जिस किसी सज्जन को परेशानी हो वह व्यक्ति अपने पूर्ण दस्तावेज सहित मेरे सामने प्रस्तुत हो। (8 दिवस के अंदर प्रस्तुत हो)
दिनांक

भवदीय
किन्दर साय पिता
श्री जोगीराम सरकण्डा
बंधवापारा
मो.न 9201449510
6260027776

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### आदिवासी बेटी दुर्गेश बनी सिविल जज



**पेंड्रा।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की आदिवासी बेटी दुर्गेश नंदिनी मरावी के जनरल कोटा से सिविल जज बनने पर पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उल्लेखनीय सफलता पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमती भानु ने दुर्गेश नंदिनी मरावी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जिला अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि, दुर्गेश नंदिनी मरावी की सफलता न केवल जिले, बल्कि पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि, सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर सिविल जज बनना यह सिद्ध करता है कि प्रतिभा किसी वर्ग, क्षेत्र या परिस्थिति की मोहताज नहीं होती।

### रतनपुर की बेटी अपूर्वा बनीं सिविल जज



**रतनपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल जज परीक्षा में रतनपुर की होनहार बेटी अपूर्वा मरकाम ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है। सामाजिक, शैक्षणिक एवं नागरिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे रतनपुर के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। शिक्षक कॉलोनी वार्ड क्रमांक 4 रतनपुर निवासी अपूर्वा मरकाम, स्व फूल सिंह मरकाम एवं व्याख्याता प्रतिभा मरकाम की सुपुत्री हैं। प्रारंभ से ही वे मेधावी रही हैं। उन्होंने बताया कि, इस उपलब्धि के पीछे वर्षों की मेहनत, सही मार्गदर्शन और परिवार का नैतिक समर्थन रहा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दिवंगत पिता की प्रेरणा, माता के मार्गदर्शन, गुरुजनों के सहयोग और अपनी निरंतर साधना को दिया। अपूर्वा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि, जीवन में लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। यदि हम पूरी ईमानदारी, धैर्य और समर्पण के साथ प्रयास करें, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

### जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**मुंगेली।** जनपद सदस्य तरूण पाटले फंदवानी ने ग्राम पंचायत भरूहागुड़ा के आश्रित ग्राम मजगांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच संगम गर्ग, उपसरपंच धनु बंजारा, भूतपूर्व सरपंच अशोक यादव, प्रमोद पाटले एवं मालिक राम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि, यह निर्माण कार्य जनहित में किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

### रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने की राज्यपाल से भेंट



**मुंगेली।** जिला मुंगेली से रेडक्रास सोसाइटी के राज्य प्रबंध समिति के सदस्यों ने राज्यपाल रमेन डेका से लोकभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश में रेडक्रास की वर्तमान गतिविधियों तथा भावी योजनाओं पर सदस्यों ने चर्चा कर राय ली। रेडक्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रबंध समिति के सदस्य डॉ गिरीश कुर्रे द्वारा मुंगेली जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के दिशा-निर्देश में चल रहे सदस्यता अभियान, रक्तदान शिविर, प्राथमिक स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से प्रदाय किए जा रहे पौष्टिक आहार तथा सिकल सेल बिमारी की जांच और उपचार के लिए किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, तथा जूनियर रेडक्रास के माध्यम से युवा विद्यार्थियों में स्वयंसेवी सेवाओं के प्रति जन जागरण गतिविधियों तथा जिले में रेडक्रास के माध्यम से आयोजित होने वाले भविष्य की योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उल्लेखनीय है कि, रेडक्रास के माध्यम से टीबी मरोजों के लिये निक्षय मित्र बनाकर पौष्टिक आहार प्रदान किये जाने हेतु मुंगेली जिले को पूर्व में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

### अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक



**मस्तुरी।** ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रदेश प्रांतीय पदाधिकारी डीएल डहरिया के मुख्य आतिथ्य एवं राजकुमार मिश्रा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्या को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों की भांति मंहगाई भत्ते की मांग, प्रदेश स्तर प्रांताध्यक्ष के निर्देश के पालन के साथ ही आगामी माह में सेवा निवृत्त हो रहे अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान करने एवं अधिक से अधिक पेंशनर को सदस्यता से जोड़ने सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श कर रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक रामेश्वर प्रसाद सुमन, जेके शर्मा, समयलाल पोर्ते, गोवर्धन प्रसाद साहू, बहुरमन सिंह नेताम सहित अन्य पेंशनर उपस्थित थे।

## एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण, अंतिम सूची का प्रकाशन

# 17 हजार से अधिक मृत मतदाताओं के नाम हटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंगेली

■ 22 हजार से अधिक स्थानांतरित मतदाताओं के नाम कटे

जिले में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर अंतिम सूची के प्रकाशन की जानकारी दी। बैठक में पुनरीक्षण कार्य की पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विधिसम्मत क्रियान्वयन की जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति की प्रक्रिया, घर-घर सत्यापन अभियान, मृत एवं स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नामों के विलोपन तथा पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की कार्यवाही का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया। समस्त बिंदुओं पर चर्चा के उपरांत निर्वाचन नामावली की अंतिम सूची का विधिवत प्रकाशन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण घोषित किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची प्रदान की गई।



बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि, 27 जनवरी से ईआरओ, एईआरओ, एएईआरओ एवं बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रपत्रें का वितरण, संग्रहण और सत्यापन किया गया। अनेक चुनौतियों के बावजूद निर्वाचन टीम ने जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया। पुनरीक्षण के दौरान 17 हजार से अधिक मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जबकि 22 हजार से अधिक ऐसे मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए जो स्थाई रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके थे। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि, स्थानांतरित मतदाताओं के नाम संबंधित नए निर्वाचन क्षेत्रों में विधिवत जोड़े जाएं। कलेक्टर ने कहा कि, निर्वाचन आयोग की मंशा स्पष्ट है। हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिले और अपात्र नामों को सूची से हटाया जाए।

### उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी का सम्मान

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अतिरिक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी को उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में मिले सम्मान से जिले का गौरव बढ़ा। कलेक्टर ने इसे उनके कुशल नेतृत्व एवं निर्वाचन कार्यों के सफल संचालन का परिणाम बताया।

### राजनीतिक दलों ने की सराहना

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एसआईआर प्रक्रिया के अपने अनुभव साझा किए और निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की। कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों एवं बीएलए के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, उनके सक्रिय सहभागिता के बिना यह व्यापक अभियान सफल नहीं हो सकता था। इस दौरान विभिन्न राजैनतिक दलों के जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी दलों ने निर्वाचन टीम को निष्पक्ष, पारदशर्शी और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य पूर्ण करने के लिए बधाई दी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को अर्थ दंड सहित 20 वर्ष का कारावास




**मुंगेली।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में रिश्तेदार को कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता के पुनर्वास और सहायता के लिए 5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का भी आदेश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम एफटीसी न्यायालय मुंगेली ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में पीड़िता के रिश्तेदार मौसा को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता के पुनर्वास और सहायता के लिए 5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का भी आदेश दिया है। न्यायालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला थाना जरहागांव से संबंधित है, जिसमें आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1)(इ) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना 31 जनवरी 2025 की है, जब पीड़िता अपने रिश्तेदारों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इसी दौरान आरोपी रिश्तेदार ने उसे बहला–फुसलाकर मोटरसाइकिल से सुनसान स्थान पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मामला थाना जरहागांव में दर्ज कराया गया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, पीड़िता के बयान तथा चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी का कृत्य अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय है, जिससे नाबालिग की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इसी को ध्यान में रखते हुए कठोर सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि पीड़िता को 5 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए। इसमें से 1 लाख रुपए तत्काल प्रदान करने तथा शेष 4 लाख रुपये पीड़िता के वयस्क होने तक सुरक्षित बैंक खाते में जमा रखने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी न्यायालय, मुंगेली द्वारा पूर्ण की गई तथा 19 फरवरी 2026 को निर्णय सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। यह फैसला नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में सख्त न्यायिक रुख का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

## भक्ति, श्रद्धा के साथ निकली साईं पालकी यात्रा



**सीपत।** सीपत में साईं बाबा के भक्तों में अपार उत्साह देखा गया। साईं मंदिर के 13वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 22 फरवरी रविवार को भव्य साईं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूरे नगर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण लोगों के मन में निर्मित कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। पालकी यात्रा का शुभारंभ सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने किया। भक्ति गीतों, बैंड बाजे-गाजे के साथ और साईं बाबा के जयकारों के बीच पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पालकी यात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ होकर गुप्ता मोहल्ला, सेठबाड़ा, राम मंदिर, मातेश्वरी मंदिर, तेली-धीवर पारा और बजरंग मंदिर होते हुए वापस साईं मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाआरती एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालु पालकी का स्वागत पुष्पवर्षा और आरती के साथ किया। पालकी यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में भव्य महारती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ साईं बाबा की आराधना कर इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई।

आयोजन समिति के सदस्यों ने नगर एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस पुण्य अवसर का लाभ लिया, इस अवसर पर साईं सेवा समिति के प्रदीप पाण्डेय, आशुतोष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, दीपाली गुप्ता, वैभव गुप्ता, एकलव्य गुप्ता, सुमित गुप्ता, विनय कश्यप, विनोद यादव, अमन यादव, सुनील निर्मलकर, प्रमोद शर्मा, देवेश शर्मा, श्वेता सिंह क्षत्री, अंजली पटेल, विश्वांत डहरिया, संजय मिश्रा, दीपक राठौर, नीरज गुप्ता, शिल्पा गुप्ता, सृजन पाण्डेय, डीकेश गुप्ता, कृष टंडन, देवेंद्र साहू, भीमा निर्मलकर, शिवम गुप्ता सहित भक्त उपस्थित रहे।

### राजपूत युवा मोर्चा ने बच्ची के इलाज के लिए दी सहयोग राशि



**लोरमी।** स्वस्थ समाज-स्वस्थ देश को आगे बढ़ाते हुए राजपूत युवा मोर्चा लोरमी ने प्रत्येक माह पीड़ितों का मदद करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में राजपूत युवा मोर्चा ने फरवरी माह नवागांव वेंकट निवासी बच्ची रश्मि पिता धनेश्वर सिंह राजपूत को इलाज के लिए 50 हजार 390 रुपए का सहयोग किया। सहयोग राशि सौंपते संजय सिंह, जनक सिंह, पूनम सिंह, अर्जुन सिंह, अर्थ संकलन प्रभारी महावीर सिंह, बिरेंद्र सिंह, नोहर सिंह, हृदय सिंह, गणेश सिंह, कृष्णा सिंह, रामकुमार सिंह, बलराज सिंह, सत्यनारायण, अशोक फौजी, शत्रुघ्न सिंह, किशन सिंह, अर्जुन सिंह एवं शेर सिंह उपस्थित रहे।

### 10 माह से फरार आरोपी मेले से गिरफ्तार

**मल्हार।** पिछले 10 महीनों से फरार चल रहे मारपीट के एक गंभीर मामले के आरोपी को मल्हार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपी मेले में अपनी बाइक का साइलेंसर निकाल कर तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए लोगों के बीच दहशत फैला रहा था, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करीब 10 माह पूर्व थेम्हापार निवासी सुभाष टंडन के साथ ग्राम चकरबेढ़ा के आधा दर्जन लोगों ने मिलकर मारपीट की थी, जिसमें पीड़ित को गंभीर चोटें आई थीं। इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि एक नाबालिग सहित दो आरोपी फरार चल रहे थे। इसी बीच शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी प्रत्यूष बंजारे पिता सचिन बंजारे, मल्हार मेले में अपनी बाइक का साइलेंसर निकालकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में तेज आवाज करते हुए लापरवाही से वाहन चला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मल्हार गेट के पास से आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को अपराध क्रमांक 315/25 के धारा 296, 351(2) 115 (2) 119(1) 3 (5) के तहत गिरफ्तार कर लिया।

## टॉय ट्रेन के लिए पटरी बिछाने का कार्य पूर्ण, उद्घाटन का इंतजार



**मुंगेली।** नगर में जल्द ही चलेगी छुक-छुक गाड़ी। लंबे समय से प्रतीक्षित इस प्रोजेक्ट के तहत रेल पटरी बिछाने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पटरी बिछ जाने नगरवासियों को उद्घाटन का इंतजार है।

नगर पालिका द्वारा अभिनव प्रयास करते हुए स्टेडियम स्थित गार्डन में शहर के बच्चों और सैर-सपाटे के शौकीनों के लिए मनोरंजन के नए साधन के रूप में टॉय ट्रेन चलाने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुष्प वाटिका के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रैक बिछाने के बाद इंजन और डिब्बों को पटरी पर डालकर छुक-छुक गाड़ी का ट्रायल रन किया। पार्क के चारों ओर हरियाली के बीच से गुजरती हुई पटरियां बिछाई गई हैं। ट्रेन के संचालन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि बच्चे सुरक्षित सफर का आनंद ले सकें। जैसे ही ट्रैक बिछाने का काम पूरा हुआ, स्थानीय बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शाम को पार्क घूमने आने वाले बच्चों के लिए अब यह मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। पटरी बिछ जाने एवं छुक-छुक गाड़ी का ट्रायल होने के बाद अब पक्का यकीन हो गया है कि, जल्द ही हम ट्रेन में बैठ पाएंगे। अब हमें टॉय ट्रेन के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। नगर पालिका का लक्ष्य है कि, आने वाले कुछ ही हफ्तों में इसका विधिवत उद्घाटन कर इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाए।

### जनप्रतिधियों ने सुनी पीएम की 'मन की बात'



**मल्हार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का लाइव प्रसारण वार्ड 6 के पार्षद व सभापति आशुतोष वर्मा के निवास में देखा व सुना गया। मोदी ने देश के लिए विभिन्न पहलुओं को बारीकी से सामने रखा, जिसमे उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए आयोजित विश्व स्तरीय सबमिट तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भविष्य और उससे संबंधित रोजगार और लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बात कही। उन्होंने मानव शरीर के प्रत्यारोपण की प्रेरणादायी अनसुनी पहलुओ पर देश के लोगों को प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने सी राजगोपालाचारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी राष्ट्र विकास में योगदान को याद किया। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड तथा उससे बचने के उपायों पर जनजागरण की बात दोहराई एवं देशवासियों से बैंक के डिजिटल पासवर्ड एक निश्चित अंतराल पर लगातार बदलते रहने का सुझाव दिया।

## हितग्राही सम्पर्क एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**सकरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सकरी एवं काठाकोनी मंडल में हितग्राही संपर्क एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां भाजयुमो जिला महामंत्री राजकमल कश्यप ने उपस्थित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से कहा कि, सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इन हितग्राहियों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।भाजयुमो मंडल अध्यक्ष काठाकोनी आनंद अवस्थी एवं महामंत्री सकरी मंडल जितेन्द्र सूर्यवंशी ने कहा कि, संगठन का लक्ष्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ता से अपील करते हुए कहा कि, निरंतर जनता के बीच रहकर योजनाओं की जानकारी पहुंचएं और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वय रवि मेहर एवं रामकुमार निर्मलकर ने कहा कि, हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान की दिशा में कार्य करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी एवं पार्षद प्रतिनिधि महाबली कोसले ने कहा कि, सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, और हितग्राहियों को उनका अधिकार मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री टिकेश्वर कौशिक, मंडल महामंत्री शैलेन्द्र कौशिक,विजय यादव, शानू दुबे, निखिल श्रीवास, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, जाहिद खान, मनोज साहू, हितेश साहू, अनिल यादव, सरपंच संजू सोनवानी, गगन नेताम, चित्रकांत तंबोली, श्याम वैष्णव, अमित भार्गव, श्याम भार्गव, अमित बघेल, वीरेंद्र कौशिक, युवा मोर्चा महामंत्री, अनिल यादव सांसद प्रतिनिधि, मनोज साहू, सह कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा, रामेश्वर करुणे, विजय यादव युवा मोर्चा महामंत्री, विद्यानंद कौशिक, शिवशंकर, सुधीर मानिकपुरी, दुर्गेश कौशिक, सूर्या कौशिक, विनोद कौशिक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को किया गया सम्मानित

इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राही लक्ष्मीन यादव, शिव कोरी, किशोर यादव, संतोष मानिकपुरी, तुलाराम, पूजा यादव, रानी कौशिक, घनश्याम कौशिक, लक्ष्मीन कौशिक का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया।

## राजिम जयंती महोत्सव, शपथ ग्रहण व सामूहिक विवाह संपन्न

# साहू समाज समाजिक कुरीतियों से मुक्त हो रहा: तोखन



**पथरिया।** तहसील साहू संघ द्वारा ग्राम बैजना परिक्षेत्र में राजिम जयंती महोत्सव, शपथ ग्रहण समारोह एवं सामूहिक आदर्श विवाह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज सहित अन्य समाज के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, तथा उन्होंने सांसद निधि से 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। सामूहिक आदर्श विवाह के माध्यम से नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि, समाजिक एकजुट और संगठित प्रयास से साहू समाज समाजिक कुरीतियों से मुक्त हो रहा है, साथ ही प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। समाज मे शिक्षा का स्तर बढ़ा है, आज हर क्षेत्र में समाज के योग्य युवा अपना नाम स्थापित कर लिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लखन लाल साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने 5 लाख रुपये की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा, साहू समाज आज समाजिक विकास का पर्याय बन गया है एवं समाज अनुकरणीय कार्य कर रहा है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, साहू समाज ने फिर से रामकुमार साहू को तहसील अध्यक्ष बनाकर समाज सेवा का अवसर दिया है, जो सराहनीय है। मैं साहू समाज को नमन करता हूं।

### जनपद सदस्य रवीना सत्या लहरे ने कर्मा चौक विकास हेतु 2 लाख रुपए की घोषणा की

समारोह के दौरान दूसरी बार तहसील अध्यक्ष बने रामकुमार साहू की टीम में संगठन सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विष्णु साहू, महिला उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, संगठन सचिव लेखराम साहू, सचिव धरमराज साहू, कोषाध्यक्ष झूमुक साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आदर्श विवाह के माध्यम से नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। आयोजन को समाज की एकता, संगठन शक्ति एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष थानेश्वर साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, पूर्व संयोजिका शीलू साहू, पुष्प साहू, जनपद अध्यक्ष इंदिरा साहू, उपाध्यक्ष खिलावन साहू व चित्रलेखा साहू, जिला पंचायत सभापति अंबालिका, अनीला राजपूत, नगर पंचायत पथरिया अध्यक्ष हुलशी रघु वैष्णव, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश साहू, जनपद सभापति लोकेश साहू, जनपद सदस्य कोमल साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## विधायक लहरिया ने राठौर समाज को दी भवन की सौगात



**मोपका।** ग्राम गतौरा बिलासपुर ग्रामीण क्षेत्रों के क्षत्रिय राठौर समाज के नौ गांव में से दो गांव को मस्तूरी विधायक दिलीप लहरीया ने मस्तूरी में राठौर भवन निर्माण के लिए 10 दस लाख रुपए एवं ग्राम पंचायत गतौरा के भवन में रंगमंच निर्माण के लिए 5 पांच लाख रुपए राशि देने की घोषणा की।

राठौर समाज के विशिष्ट पदाधिकारियों ने लहरिया से सौजन्य मुलाकात कर सामाजिक चर्चाओं के साथ राठौर भवन निर्माण की प्रक्रिया पर जानकारी देते हुए मांग की, जिसे लहरिया ने स्वीकारते हुए मस्तूरी एवं गतौरा के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा करते हुए जल्द ही भवन निर्माण करवाने के लिये पदाधिकारियों को निर्देशित किए। भेंटवार्ता में शामिल पदाधिकारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राठौर, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र राठौर, जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह राठौर, संरक्षक नारायण राठौर, राम गोपाल अध्यक्ष मस्तुरी, सुरेश कुमार राठौर गतौरा अध्यक्ष, मस्तुरी से रामफल, अमृत लाल, गजानन, संतोष, अशोक, रामकिशुन, अमित, नागेन्द्र राठौर, गतौरा से धर्मेन्द्र, उमेश, जन्मेजय राठौर, दारासिंह, अनिल राठौर, दिग्विजय सिंह राठौर मीडिया प्रभारी एवं अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर एक्टिवा में टक्कर दो लोगों की मौत

**बिलासपुर।** बेलगाम ट्रैक्टर एक्टिवा को टक्कर मारकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में एक्टिवा सवार दो लोगों की मौत हो गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, अमाली निवासी रवि कुमार पिता दुलारीराम यादव 40 साल, श्यामू भैना पिता मंगलराम भैना 40 साल रविवार को दोपहर 3 बजे एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 ईएच, 4328 से पोंड़ी से अपने गांव जा रहे थे। पोंड़ी के आगे सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 28 आर, 7762 के ड्राइवर ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। सिर में गंभीर चोट लगने से रवि कुमार यादव, श्यामू भैना की मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह मस्तूरी बकरकुदा निवासी संदीप जांगड़े पिता हरप्रसाद जांगड़े तिफरा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा है। रविवार की सुबह वह बाइक से लाखासार जा रहा था। नेहरू चौक के पास अज्ञात ट्रक के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### सिरगिट्टी में युवक ने की आत्महत्या

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, परन्तु किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट वहां नहीं मिला। पुलिस मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी के वार्ड क्रमांक 10 महिमा नगर निवासी गणेश रजक के मकान में अपने माता-पिता के साथ किराए पर रहने वाले युवक विक्की यादव पिता पुनीराम यादव उम्र 19 साल ने एक कमरे में फ़ासी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना सिरगिट्टी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के कमरे की तलाशी ली परन्तु किसी भी प्रकार का वहां कोई सुसाइड नोट नही मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है ।

### सड़क पर बर्थडे मनाते वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** सड़क पर केक काट कर बर्थडे मनाते दो युवक, दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस युवक युवतियों की पहचान कर रही है। रविवार को सोशल मीडिया में रतनपुर रोड कृषि महाविद्यालय के पास सड़क में दो युवक, दो युवतियों का केक काटकर आतिशबाजी करते गन लाइटर जलाकर हुड़दंग मचाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वहां से गुजर रहे राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया है। वीडियो में बाइक व एक्टिवा का नम्बर कैद हो गया है। सरकण्डा पुलिस युवक युवतियों की पहचान कर रही है।

### अवैध शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध शराब सहित एक कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी पुलिस को सूचना मिली कि टेंगनमाड़ा करवा में अवैध शराब बनाकर बिक्री की जा रही है। पुलिस ने गांव में दबिश देकर टेंगनमाड़ा करवा निवासी सफीक खान पिता हिकमत उल्ला खान 42 साल को पकड़कर उसके पास से 24 लीटर महुआ शराब, 200 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**जमीन के रेट बढ़ने से रजिस्ट्री की संख्या पर असर** | **कम रजिस्ट्री के बाद भी खजाने में आए उतने ही पैसे**

# रजिस्ट्री की संख्या साढ़े तीन हजार कम, लेकिन कमाई भरपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच हुई रजिस्ट्री की संख्या से पिछले वित्तीय वर्ष में इसी अवधि में कराई गई रजिस्ट्रियों की संख्या से तुलना की जाए तो इसमें साढ़े तीन हजार तक की कमी दर्ज की गई है, जबकि इस कमी का असर राजस्व पर बिल्कुल भी नहीं पड़ा है।

सरकार को जिले से इस साल अब तक 247.63 करोड़ रूपए प्राप्त हो चुके हैं, जबकि बीते वर्ष भी इसी अवधि तक यह आंकड़ा 247. 75 करोड़ का ही था। साढ़े तीन हजार पक्षकारों ने अगर अपनी रजिस्ट्री कराई होती राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा कम से कम बीस करोड़ और अधिक होता। सरकार द्वारा जमीन की कीमतों में बढ़ोतरी करने के बाद रजिस्ट्री की संख्या में कमी हो सकती है, लेकिन इससे किसी भी तरह का फर्क सरकार को मिलने वाले राजस्व पर नहीं पड़ा है। अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025 की स्थिति में जिले में रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या 24 हजार 611 थी, जिनसे सरकार को 247 करोड़ 75 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक जिले में कुल 20 हजार 985 लोगों ने ही जमीन की रजिस्ट्री कराई है, जो कि बीते साल की तुलना में 3 हजार 626 कम है। कमाई का आंकड़ा देखा जाए तो सरकार को इस अवधि तक 247 करोड़ 63 लाख की आमदनी हो चुकी है।



कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि सरकार के जमीन की कीमतों में बढ़ोतरी करने वाले निर्णय के बाद पक्षकारों को तो फर्क पड़ा है, लेकिन सरकार की कमाई पर इसका असर नहीं देखा जा रहा है। जमीन की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के बाद जमीन रजिस्ट्री की संख्या में काफी कमी दर्ज की गई है, लेकिन कम रजिस्ट्री बाद भी राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा बराबरी पर ही है।

### दो महीने से रेट कम होने का इंतजार ही कर रहे पक्षकार

सरकार द्वारा जमीन की कीमतों में इजाफा किया गया था, जिसे 20 नवंबर से प्रभावशील भी कर दिया गया था। इसके बाद प्रदेश स्तर पर लोगों के व्यापक विरोध के बाद शासन द्वारा कीमतों में बढ़ोतरी पर पुनर्विचार करते हुए पुनर्निर्धारण करने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए प्रदेश स्तर पर आपत्तियां एवं सुझाव भी मांगे गए थे। इसके कारण में जमीन खरीदने एवं बेचने वाले पक्षकारों में कीमतों में कमी को लेकर आस जागी थी, जिससे उन्होंने रजिस्ट्री के लिए फिलहाल इंतजार करना ही मुनासिब समझा था। यही कारण है कि बीते साल की तुलना में रजिस्ट्री की संख्या में इस साल करीब साढ़े तीन हजार की कमी दर्ज की गई है।

### इस साल 350 करोड़ का लक्ष्य

जिले को इस साल भी 350 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य दिया गया है। जिसके मद्देनजर राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा 247 करोड़ तक पहुंच चुका है, जबकि अभी वित्तीय वर्ष की समाप्ति को एक महीने से अधिक समय शेष हैं। बीते वित्तीय वर्ष में भी जिले को इतना ही टारगेट दिया गया था, जिसके मद्देनजर 316 करोड़ की राजस्व प्राप्ति कर ली गई थी।

### प्राप्त हो चुका है राजस्व

रजिस्ट्री की संख्या में भले ही कमी आई है, लेकिन अपेक्षित राजस्व प्राप्त हो चुका है। रजिस्ट्री की संख्या में कमी नहीं आई होती तो प्राप्त राजस्व में पंद्रह करोड़ से भी अधिक की और बढ़ोतरी हो चुकी होती। वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लक्ष्य प्राप्ति का पूरा प्रयास रहेगा।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

**ड्रीम इनक्लेव के हस्तांतरण और मूलभूत सुविधाओं की मांग तेज**

# कालोनी के बीच से अटल आवास का रास्ता देने का विरोध, लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर सरकंडा स्थित ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार को बीच कॉलोनी से अटल आवास (ईडब्ल्यूएस भवन) के लिए रास्ता देने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। कॉलोनी के लोगों ने कहा कि जब तक निगम द्वारा अटल आवास के लिए पृथक मार्ग, पानी, नाली और बिजली की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक कॉलोनी के भीतर से आवागमन की अनुमति नहीं दी जाएगी। रहवासियों का कहना है कि यदि बीच कॉलोनी से रास्ता दिया गया तो भविष्य में सुरक्षा और अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है, जिससे विवाद की आशंका रहेगी। कॉलोनाइजर-बिल्डर पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए यहां के लोग कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरने पर बैठ गए। आरोप है कि बिल्डर ने सरकारी जमीन को निजी बताकर बेचा है। धरने में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। रहवासियों ने बताया कि ड्रीम इनक्लेव एक पूर्ण विकसित कॉलोनी है, जिसे नगर निगम द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। कॉलोनीवासियों के अनुसार बिल्डर द्वारा अतिरिक्त विकास के लिए निगम को वांछित राशि भी जमा की जा चुकी है, ऐसे में कॉलोनी के अग्रिम विकास, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी अब नगर निगम की है। यहां के लोगों ने बताया कि "ड्रीम इनक्लेव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित" (पंजीयन क्रमांक 768) का गठन कर आंतरिक व्यवस्थाएं स्वयं संभालने की पहल की है। समिति का कहना है कि निगम द्वारा कॉलोनी के पिछले हिस्से में निर्मित ईडब्ल्यूएस (अटल आवास) भवन के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग और सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

- **पिछले गेट पर ताला लगाने की कालोनीवासियों ने दी है चेतावनी**



अटल आवास के लिए रास्ता देने के विरोध में प्रदर्शन करते कॉलोनीवासी।

**कालोनीवासियों की यह है मांग**

- ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी का विधिवत हस्तांतरण नगर निगम के पक्ष में किया जाए
- अटल आवास (ईडब्ल्यूएस भवन) के लिए पृथक मार्ग की व्यवस्था की जाए
- नाली, पानी और बिजली की अलग से स्थायी सुविधा सुनिश्चित की जाए
- पूर्व में स्वीकृत लेआउट के अनुसार ही निर्माण और मार्ग की व्यवस्था की जाए
- कॉलोनाइजर के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए

### कॉलोनी से दी जा रही पानी की सप्लाई

रहवासियों का आरोप है कि ईडब्ल्यूएस भवन निर्माण के समय से ही पानी की आपूर्ति कॉलोनी की टंकी से की जा रही थी और मजदूरों व संबंधित लोगों का आवागमन भी कॉलोनी के पिछले गेट से होता रहा। अब जब आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है, तब भविष्य में संभावित विवादों से बचने के लिए कॉलोनीवासियों ने सर्वसम्मति से पीछे का गेट बंद करने का निर्णय लिया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि 29 जनवरी 2024 से ईडब्ल्यूएस भवन के लिए दिया गया अस्थायी पानी कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। साथ ही कॉलोनी के पिछले गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाया जाएगा और किसी भी बाहरी अथवा अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा।

### ले आउट में बदलाव कैसे संभव हुआ

धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। उनका कहना है कि कॉलोनी के अंदर से अतिरिक्त रास्ता खुलने से बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस दबाव में कॉलोनाइजर और संबंधित अधिकारी कॉलोनी की मूल संरचना से छेड़छाड़ कर रहे हैं। महिलाओं ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते संज्ञान नहीं लिया, तो वे नगर निगम कार्यालय का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगी। इस पूरे मामले में निगम की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि बिना स्थानीय निवासियों की सहमति के लेआउट में बदलाव कैसे संभव हो गया। यदि लेआउट में संशोधन किया गया है, तो क्या उसकी सार्वजनिक सूचना जारी की गई।

### ताला तोड़ा जाएगा

ले आउट में जो रास्ता स्वीकृत है उसी हिसाब से काम होगा। कालोनी के पीछे गेट में जो ताला लगाया गया है उसे तोड़ा जाएगा। इस बारे में निगम आयुक्त ने आदेश कर दिया है।

**- अनुपम तिवारी**, भवन शाखा अधिकारी

**आपरेशन बंद, 17 मरीज कर रहे इंतजार**

# ओटी का संक्रमण हटाने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में आंखों का आपरेशन बंद है। ओटी में बैक्टीरियल इंफैक्शन की वजह से 17 मरीज पिछले कई दिनों से आपरेशन का इंतजार कर रहे हैं। इसमें ऐसे भी मरीज हैं जो 2 माह से मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए नंबर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार ओटी के संक्रमण की रिपोर्ट पाजिटिव मिलने के बाद उन्हें इंततार करने के लिए कह दिया जाता है। यह ढर्रा पिछले डेढ़ माह से जारी है लेकिन ना तो जिला अस्पताल प्रबंधन ओटी की सही सफाई करा सका है और ना ही जिले के स्वास्थ्य अधिकारी इसपर ध्यान दे रहे है।

- **7 दिनों से फिर बंद है मोतियाबिंद का आपरेशन**

जिला अस्पताल में मोतियाबिंद का आपरेशन बंद है। इसका एक मात्र कारण महज आपरेशन थिएटर में गुणवत्तायुक्त सफाई नहीं होना है। पिछले डेढ़ माह से कई बार ओटी के संक्रमण की रिपोर्ट पाजिटिव मिली है, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन हाथ पर हाथ धरा बैठा है। हरिभूमि ने 11 फरवरी को इस बारे में समाचार प्रकाशित की थी, जिसके बाद महज 1 दिन ही आपरेशन किया गया है। इसके बाद से ओटी में पुनः संक्रमण पाया गया है, जिसके चलते आपरेशन बंद करा दिया गया है। दरअसल ओटी को अंदर से पेंट लगाया गया है, लेकिन ऊपरी व बाहरी दिवारों में सीपेज साफ तौर दिखाई देता है।

### 17 मरीज हैं भर्ती

खास बात यह है कि पिछले कई दिनों से जिला अस्पताल में आंखों का आपरेशन कराने के लिए मरीज भती है। गुरूवार को 17 मरीज अस्पताल में मौजूद थे, लेकिन इस दौरान आपरेशन नहीं किया गया है। मरीजों से बातचीत करने में पता चला कि वे पिछले दो माह से अस्पताल के चक्कर काट रहे है। उस दौरान कभी मरीजों की संख्या ज्यादा होने तो कभी ओटी के संक्रमण के कारण उन्हें लौटा दिया जाता रहा है।

### सीएमएचओ स्वयं ही नोडल अधिकारी है

सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ है और नोडल अधिकारी है। केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे अंधत्व निवारण योजना के तहत जिले के सैकड़ों बुजुर्गो का मोतियाबिंद आपरेशन किया जाना है, लेकिन जिला अस्पताल का ओटी हर बार पॉजिटीव आने के कारण बुजुर्ग मरीजों को भटकने की नौबत आ रही है

# आग से विभाग ने लिया सबक, अब सब स्टेशनों में लगेंगे अग्नि शामक यंत्र

**पिछले माह मोपका के 220 केवी सबस्टेशन में लगी थी भीषण आग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन में जनवरी में लगी 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की आग की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। विभाग ने आगजनी में किसी मानवीय त्रुटि होने की बात नहीं मानी है जबकि इसे तकनीकी चुक का नतीजा मान लिया है लेकिन अब आग बुझाने को लेकर विभाग सतर्कता बरतने की बात कह रहा है और सभी बड़े सबस्टेशनों में अग्नि शामक यंत्र लगाने की तैयारी की गई है।

- **जांच में मानवीय त्रुटि नहीं, मारसिलिंग व केबल के चलते लगी थी आग**

मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन के 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की आग के मामले में 3 सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। रिपोर्ट में ट्रांसफार्मर के मारसिलिंग के कारण आग की लपटें भंयकर हो चुकी है। दरअसल 30 साल पहले ट्रांसफार्मर के समीप ही मारसिलिंग लगाई जाती थी, जिसके चलते पुराने ट्रांसफार्मर में आग लगी थी, लेकिन विभाग ने डेढ़ माह में ट्रांसफार्मर और मारसिलिंग की दूरी बढ़ा दी है और अब इसके चलते आग लगने की नौबत नहीं आएगी। वहीं रिपोर्ट में मानवीय त्रुटि को लेकर कोई बात सामने नहीं आई है। विभाग ने आगजनी से सबक लेते हुए बड़े सबस्टेशनों में फायर एक्जीबिशन लगाने की तैयारी की है, इसके लिए लंबी दूरी के फायर सेफ्टी का उपयोग किया जाएगा। विभाग में 16 एक्जीबिशन खरीद लिए है, जिसे बड़े सबस्टेशनों में रखा जाएगा, जिससे आग लगने पर जल्द से जल्द आग पर काबू पाया जा सके और होने वाले नुकसान को कम किया जा सके हालांकि बिलासपुर में 50 सबस्टेशन संवेदनशील है, विभाग के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही सभी में आग से बचने के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

### शटडाउन लेकर किया गया काम

पिछले डेढ़ माह से विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया गया है, इसके लिए मारसिलिंग की दूरी बढ़ाई गई है और रखरखाव के लिए शटडाउन लेकर काम किया गया, जिसका परिणाम है कि डेढ़ माह में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर तैयार हो चुका है। गर्मी के दिनों में ओवरलोड और बैकअप जैसे काम इन्हीं ट्रांसफार्मर के सहारे लिए जा सकेगे।

### तकनीकी त्रुटि सामने आई है

रिपोर्ट में तकनीकी त्रुटि ही सामने आई है, किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा बरती गई लापरवाही नहीं है। हमने सबस्टेशन को आग से बचाने के लिए अग्नि शामक यंत्र मंगाए गए हैं।

**-कल्पना घाटगे**
एसई, सबस्टेशन

# कालोनी में घुस रहे ट्रक का डाला तार से टकराया, दो गंभीर

**बिलासपुर।** कानन पेंडारी के पास बने न्यू टाउन कालोनी में घुस रहे ट्रक का डाला बिजली के तार के संपर्क में आ गया, इससे पूरे ट्रक में करंट दौड़ गया। इस दौरान ट्रक का चालक बुरी तरह से झुलस गया, वहीं उसे बचाने के लिए गए व्यक्ति को भी गंभीर चोट आई है। दोनों का इलाज सिम्स में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि न्यू टाउन कालोनी में निर्माण कार्य जारी है। रविवार को ट्रक का चालक विजेन्द्र कौशिक पिता दिलीप कौशिक कालोनी के अंदर ट्रक ले जा रहा था। इस दौरान ध्यान भटकने के कारण वह बिजली के तौर पर गौर नहीं कर सका और ट्रक का डाला बिजली तारों के संपर्क में आने से उसके पैर और हाथ जल गए हैं, हालांकि उसे जैसे तैसे बचाया गया, लेकिन उसे बचाने के कारण राम प्रसाद यादव पिता खेलू राम यादव भी चपेट में आ गया। उसे भी करंट का झटका लगा है। दोनों को सिम्स में भर्ती किया गया है, जहां एमएम3 में इलाज जारी है। ड्राइवर की हालत खराब है जबकि राम प्रसाद की हालत स्थिर है।





# बाइक सवार दो युवक पिकअप से टकराकर घायल, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहन की सगाई में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दो युवक पिकअप से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

पथरिया परसदा निवासी प्रदीप राजपूत पिता विष्णु राजपूत 33 साल ने बताया, वह सरकण्डा चिंगराजपारा में किराए के मकान में रहकर काम करता है। रविवार को उनके गांव के घर में बहन की सगाई कार्यक्रम था। उसमें शामिल होने के लिए वह अपने साथी सत्या राजपूत के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। दोनों आपस में बातचीत करते जा रहे थे। बातचीत के दौरान पेण्ड्रीडीह चौक में सामने से आ रहे पिकअप को देख नहीं पाए और उनकी बाइक पिकअप उससे टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स लाकर भर्ती कराई है।





अस्पताल में भर्ती घायल।

# नशे में युवक ने किया अग्निस्नान लोगों ने पानी डालकर बुझाई आग

**बिलासपुर।** नशे में एक युवक खुद को जला लिया और चीखने लगा, जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाई और उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा उदई चौक निवासी अभय पाण्डेय 30 साल आए दिन नशे में पत्नी के साथ विवाद कर मारपीट करता था। जिससे त्रस्त होकर 10 से 15 दिन पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई है। रविवार को दोपहर 2.30 बजे उसने अपने घर में नशे में अपने शरीर पर आग लगा ली और चीखने चिल्लाने लगा। आसपास के लोग उसके घर गए तो वह जल रहा था। लोगों ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाई। उसके बाद उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, उसने नशे में स्वय आग लगाई है। उसका सिम्स में इलाज चल रहा है।



हरिभूमि बिलासपुर में नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

